RNI NO: UPHIN/2023/89251

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इंडिपेंडेंट भारत

वर्ष : 02
अंक : 322
गुरूवार 29 अक्टूबर 2026
मूल्य : 02 रूपये
पृष्ठ : 08
कुशीनगर से प्रकाशित



पेज-2 एसीपी ने खरीदे मिट्टी के दीये, बाजार में.... पेज-3 अनियमितताओं पर कार्रवाई की मांग.... पेज-4 ताड़का वध और अहिल्या उद्धार की लीलाओं का....

पूर्व मिस स्विट्जरलैंड का डोनाल्ड ट्रंप पर दुष्कर्म का आरोप

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर गंभीर यौन अपराध के आरोपों को लेकर सुर्खियों में हैं। पूर्व मिस स्विट्जरलैंड और मॉडल बीट्रिस केउल ने आरोप लगाया है कि नवंबर 1993 में न्यूयॉर्क के प्लाजा होटल में ट्रंप ने उनके साथ दुष्कर्म किया था। यह दावा अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की न्यायपालिका समिति के डेमोक्रेटिक सदस्यों की ओर से जारी एक रिपोर्ट में सामने आया है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने आरोपों को खारिज करते हुए रिपोर्ट को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है।



संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में आज पैदल मार्च का नेतृत्व करेंगे नवीन

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देने के लिए सड़क पर उतरने का फैसला किया है। इसी कड़ी में आज बुधवार को चांदनी चौक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के नारे के साथ पैदल मार्च निकाला जाएगा। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इस मार्च का नेतृत्व करेंगे।



न्यायालय ने नहीं बढ़ाई आसाराम की पेरोल अवधि

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को राजस्थान में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम की पेरोल बढ़ाने से इनकार कर दिया। आसाराम पिछले 20 दिन से पेरोल पर जेल से बाहर है। मंगलवार को यह पेरोल अवधि खत्म हो गई। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि राजस्थान सरकार आसाराम की सेहत का ध्यान रखे।



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री परमेश्वर अस्पताल में भर्ती

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री जी. परमेश्वर को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद मंगलवार को यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर यहां राज्य बैडमिंटन संघ में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे, तभी उन्होंने सांस लेने में दिक्कत महसूस होने की शिकायत की। इसके तुरंत बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है।



आमिर खान के भांजे इमरान को मिली फौरी राहत

मुंबई। देश छोड़ने संबंधित नोटिस के खिलाफ बॉम्बे उच्च न्यायालय पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान को अदालत से फौरी राहत मिली है। न्यायालय ने अगली सुनवाई तक अंतरिम रोक लगा दी है। अगली सुनवाई 2 नवंबर को होगी।



इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री ने कहा-

मोदी बोले- भारत का लक्ष्य देश और दुनिया के लिए नई तकनीकें विकसित करना

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दूसरे देशों की उपलब्धियों को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश का लक्ष्य भविष्य की तकनीकों का विकास करना, उनमें नवाचार को बढ़ावा देना और दुनिया की समस्याओं के समाधान तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा जिस कौशल के साथ आगे बढ़ रहे हैं और उनमें जिस तरह का आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है, वह उत्साह बढ़ाने वाला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि दशकों पहले भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अर्थ दूसरे देशों की तुलना में आगे बढ़ने की कोशिश करना था। उस समय दुनिया में विकसित होने वाली तकनीक कुछ वर्षों बाद भारत पहुंचती थी और देश उसे अपनाने या उसमें सुधार करने का प्रयास करता था। हालांकि, 21वीं सदी का भारत अब नई सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

बड़े पैमाने पर परमाणु ऊर्जा की जरूरत



मोदी ने परमाणु ऊर्जा के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर परमाणु ऊर्जा की जरूरत होगी। ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भारत अपनी स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं का विकास कर रहा है। इसी दिशा में देश फास्ट ब्रीडर रिएक्टर तकनीक पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कुछ महीने पहले देश के 500 मेगावाट के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने पहली बार क्रिटिकलिटी हासिल की, जो भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा से लेकर अंतरिक्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सेमीकंडक्टर तक, अलग-अलग क्षेत्रों की जरूरतें भले ही अलग हों, लेकिन इन सभी क्षेत्रों में भारत अपनी तकनीकी क्षमता और आत्मविश्वास को मजबूत कर रहा है।

मंगल ग्रह तक पहुंचने में सफल

प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश अपने पहले ही प्रयास में मंगल ग्रह तक पहुंचने में सफल रहा है। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र तक पहुंचा, जहां इससे पहले कोई देश नहीं पहुंच पाया था। ये उपलब्धियां विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के बढ़ते सामर्थ्य और आत्मविश्वास को दर्शाती हैं।

कोरोना महामारी में दूसरे देशों को वैक्सीन दी

कोरोना महामारी के दौरान भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दुनिया के कई देश वैक्सीन की उपलब्धता को लेकर चुनौतियों का सामना कर रहे थे, तब भारत ने अपनी वैक्सीन विकसित की। देश ने बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया और दूसरे देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई। उन्होंने इसे 21वीं सदी के भारत के आत्मविश्वास का उदाहरण बताया।

कुशल मानव संसाधन हमारी ताकत

प्रधानमंत्री ने भारत की समाधान विकसित करने और कुशल मानव संसाधन तैयार करने की क्षमता को भी देश की एक बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि भारत में विकसित कोई समाधान सफल होता है, तो उससे दुनिया के कई देशों की समस्याओं को हल करने का रास्ता भी खुलता है। उन्होंने भारत के डिजिटल स्टैक और 5जी तकनीक को इसका उदाहरण बताते हुए कहा कि देश की तकनीकी प्रगति केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वैश्विक स्तर पर उपयोगी समाधान उपलब्ध कराने की क्षमता भी है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए भविष्य की तकनीकों के विकास में नेतृत्व करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।

ई-20 को पैसे लेकर बदनाम किया गया : नितिन गडकरी

नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ई-20 ईंधन के विरोध को पैसे देकर चलाया गया अभियान बताया है। उन्होंने कहा कि करीब तीन महीने पहले इस ईंधन को लेकर काफी विरोध हुआ था, लेकिन अब यह विरोध समाप्त हो गया है। उनका यह बयान केंद्र सरकार की ओर से 100 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद आया है। ई-20 ईंधन में 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। इसके इस्तेमाल को लेकर वाहन मालिकों ने चिंता जताई थी। आरोप थे कि वर्ष 2023 से पहले निर्मित पेट्रोल वाहनों में इस ईंधन से माइलेज घट रहा है, रखरखाव का खर्च बढ़ रहा है और इंजन के पुर्जों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

राजमार्गों की गुणवत्ता से समझौता नहीं

गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्गों की खराब गुणवत्ता से जुड़ी सोशल मीडिया शिकायतों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शिकायतें सामने आने के बाद 700 से 800 परियोजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजमार्गों की गुणवत्ता से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। मंत्री के अनुसार, अगले दो महीनों में संबंधित राजमार्ग परियोजना का काम शुरू होने के बाद दिल्ली से हरिद्वार की यात्रा 90 मिनट में पूरी हो सकेगी। चारधाम परियोजना का 80 से 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उत्तराखंड में धार्मिक स्थलों की ओर जाने वाले यातायात में तीन गुना वृद्धि हुई है। गडकरी ने कहा कि बेहतर सड़कें धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा करती हैं। सरकार के अनुसार, बुनियादी ढांचे पर 100 रुपये खर्च करने का अर्थव्यवस्था पर 325 रुपये के बराबर प्रभाव पड़ता है। वर्ष 2014 में देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गई है।

दवाओं की कीमतों को लेकर सुनवाई के दौरान सरकार से पूछे गए सवाल

पूरा तंत्र दवा निर्माताओं की मदद क्यों कर रहा है: सर्वोच्च न्यायालय

नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने दवाओं की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) और फुटकर दवा विक्रेता को मिलने वाली कीमतों में भारी अंतर पर सरकार से सवाल पूछा है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने जानना चाहा है कि पूरा तंत्र दवा निर्माताओं की मदद क्यों कर रहा है। कोर्ट ने नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) को निष्क्रिय बताते हुए सवाल किया कि दवाओं की कीमतों पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही। न्यायालय ने कहा कि सरकार की नजरों के सामने सब हो रहा है, क्या इसे ऐसे ही बेलगाम चलने देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।



दरअसल मामला यह है कि कई दवाओं की लागत 10-20 रुपए है, जो रिटेलर को 30 रुपए में मिलती है। वहीं एमआरपी 150-200 रुपए छपा होता है। इसी अंतर को लेकर सुप्रीम कोर्ट गंभीर है।

इससे पहले 12 अक्टूबर को अदालत ने एंटी-कैंसर दवाओं के संबंध में सवाल पूछा था...

बारह अक्टूबर को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एंटी-कैंसर दवाओं का ट्रेड मार्जिन एमआरपी के 30 प्रतिशत तक सीमित करने पर केंद्र के जवाब को मुश्किल से कुछ खुश होने लायक बताया था। कोर्ट ने सवाल किया था कि सरकार दूसरी दवाओं के ट्रेड मार्जिन की सीमा तय क्यों नहीं कर सकती। अस्पतालों के कैंसर दवाओं पर भारी मुनाफा जोड़े जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी आलोचना का सामना कर चुके केंद्र ने कहा था कि उसने एंटी-कैंसर दवाओं पर ट्रेड मार्जिन एमआरपी के 30 प्रतिशत तक सीमित करने का अहम फैसला लिया है।

111 मीटर लंबी 'मांडना' पेंटिंग बनाकर सिद्धार्थ ने अपने नाम किए चार रिकॉर्ड



उज्जैन। मध्यप्रदेश की पारंपरिक लोककला मांडना (यह मुख्य रूप से मालवा और निमाड़ क्षेत्र में घर की दीवारों और फर्श को सजाने की प्राचीन कला है। यह शब्द मंडन से बना है जिसका अर्थ है सज्जा या सजावट) को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में उज्जैन के युवा कलाकार सिद्धार्थ भागचंदानी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रामघाट पर आयोजित मांडना तपस्या कार्यक्रम के दौरान महज 32 घंटे, तीन मिनट और 42 सेकंड में 111 मीटर लंबी शिव बारात की कलाकृति तैयार की। इस उपलब्धि के लिए उन्हें चार विश्व रिकॉर्ड मिलने की जानकारी दी गई है।

तमिलनाडु

उपजेल से 17 कैदी फरार, 13 पकड़े गए

चेन्नई

तमिलनाडु के थेनी जिले की थेक्कमपट्टी उपजेल से फरार हुए 17 कैदियों में से 13 को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी चार कैदियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, कैदियों ने भागने के लिए पहले एक साथी को मिर्गी का दौरा पड़ने का नाटक कराया। उसकी मदद करने के लिए जैसे ही जेलकर्मी कोठरी में पहुंचे, कैदियों ने उन पर हमला कर दिया और वहां से फरार हो गए। पुलिस ने सुबह पांच कैदियों को पकड़ लिया। इसके बाद ड्रोन की मदद से जंगल में छिपे आठ अन्य कैदियों को गिरफ्तार किया गया। शेष चार की तलाश के लिए 17 विशेष टीमें गठित की गई हैं।

चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारी

अधिकारी को उनके गृह क्षेत्र में नहीं किया जाए तैनात

पांच राज्यों के मुख्य सचिवों को दिए गए निर्देश

नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। मंगलवार को आयोग ने पांच राज्यों के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि किसी भी अधिकारी को उसके गृह क्षेत्र में तैनात नहीं किया जाए। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े हुए किसी भी अधिकारी की ना तो उसके गृह क्षेत्र में तनाती होगी और ना ही उन सीटों पर जहां पर वह पिछले विधानसभा चुनाव या उपचुनाव के दौरान तैनात था।

फरवरी-मार्च में हो सकते हैं चुनाव

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर फरवरी-मार्च में विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश में 22 मार्च, उत्तराखंड में 28 मार्च, पंजाब में 16 मार्च, गोवा में 13 मार्च और गोवा में 14 मार्च 2027 को मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है।

चक्रवात 'अरनब' को लेकर प्रभावित इलाकों में अति गंभीर चेतावनी

'अरनब' 150 किमी प्रति घंटे की गति से मचा सकता है तबाही

नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि चक्रवात 'अरनब' बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य हिस्से में अति भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में सक्रिय है। इसका केंद्र काकीनाडा से लगभग 240 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व में है। तूफान के केंद्र में आंख (आई) विकसित हो गई है। स्क्रीन पर दिखाई दे रहा काला गोलाकार हिस्सा इसका केंद्र है। इस तूफान से बंगाल की खाड़ी से सटे इलाकों के अलावा पूर्वी मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ में तेज हवाओं के साथ बारिश की पूरी संभावना है। प्रदेश के दक्षिण और पूर्वी हिस्सों से आने वाली ट्रेनों और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित होने की संभावना है। कई ट्रेनों और फ्लाइटों के निरस्त होने की संभावना है। कईयों के रूट बदले जा रहे हैं।



समुद्र में नहीं जाने की सलाह

आईएमडी ने पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में जहाजों तथा नावों को नहीं चलाने की सलाह दी है। मछुआरों को भी समुद्र में न जाने की हिदायत दी गई है।

उखड़ सकते हैं बड़े पेड़

मौसम विज्ञानी महापात्र के अनुसार चक्रवात धीमी गति से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है। इसके बुधवार शाम तक इसी दिशा में आगे बढ़ने और फिर उत्तर-पश्चिम की ओर मुड़ने की संभावना है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह यानम के दक्षिण में बापटला और विशाखापत्तनम के बीच तट पार करने का अनुमान है। तट से टकराते समय चक्रवात के अति भीषण श्रेणी में बने रहने और हवाओं की रफ्तार 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की आशंका है। हवा के झोंके 150 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। इतनी तेज हवाएं व्यापक तबाही मचा सकती हैं। बड़े पेड़ उखड़ सकते हैं। बिजली व टेलीफोन के खंभे क्षतिग्रस्त होने, झुकने या उखड़ने तथा बड़े विज्ञापन बोर्ड गिरने की आशंका है। पुराने पक्के मकानों, कच्चे घरों, झोपड़ियों और एस्बेस्टस या टिन की छत वाले भवनों को भी भारी नुकसान हो सकता है। तेज हवाओं से जहाजों और नावों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा है।

कर्नाटक : मतदाता सूची में 99.32 लाख मतदाताओं के नाम घटे

नई दिल्ली

कर्नाटक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाताओं की संख्या में 99.32 लाख की कमी दर्ज की गई है। मंगलवार को जारी अंतिम मतदाता सूची में 4.55 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं, जबकि पुनरीक्षण शुरू होने से पहले यह संख्या 5.54 करोड़ थी। अंतिम सूची में 2.26 करोड़ पुरुष, 2.29 करोड़ महिलाएं और 2,841 तृतीय लिंग के मतदाता दर्ज हैं। इस तरह शुरुआती सूची की तुलना में मतदाताओं की संख्या लगभग 17.92 प्रतिशत कम हुई है। 24 अगस्त को जारी प्रारूप मतदाता सूची में 4.46 करोड़ सामान्य मतदाता दर्ज थे। प्रारूप सूची में पुनरीक्षण से पहले की संख्या के मुकाबले लगभग 1.08 करोड़ मतदाता कम हो गए थे। इसके बाद दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया चली। इनके निस्तारण के बाद अंतिम सूची में 8.64 लाख मतदाताओं के नाम जोड़े गए।

दवाओं की कीमतों पर शीर्ष न्यायालय सख्त पूछा-निर्माताओं की मदद क्यों कर रहा पूरा तंत्र

नई दिल्ली

दवाओं की अधिकतम खुदरा कीमत और खुदरा विक्रेताओं को मिलने वाली कीमत के बीच बड़े अंतर पर शीर्ष न्यायालय ने केंद्र सरकार से सवाल किए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा कि पूरा तंत्र दवा निर्माताओं के हित में क्यों काम कर रहा है। अदालत ने राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि दवाओं की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण क्यों नहीं किया जा रहा। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि सरकार की जानकारी में सब कुछ हो रहा है। ऐसे में क्या इस व्यवस्था को बिना नियंत्रण के चलते रहने दिया जाना चाहिए। दोनों मामलों की सुनवाई के बाद पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पहले 12 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने कैंसर की दवाओं के व्यापारिक मार्जिन को अधिकतम खुदरा मूल्य के 30 प्रतिशत तक सीमित करने के केंद्र सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया दी थी। अदालत ने दूसरी दवाओं के लिए भी व्यापारिक मार्जिन की सीमा निर्धारित करने की संभावना पर सवाल किया था। केंद्र सरकार ने बताया था कि कैंसर की दवाओं पर व्यापारिक मार्जिन सीमित करने से मरीजों को सालाना लगभग 2,500 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामले के सभी आरोपियों पर लगा मकोका

मुंबई



फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ से जुड़े फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) लगा कर जांच शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस को मंगलवार को सक्षम प्राधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद यह कदम उठाया गया। इसके साथ ही मामले की जांच में कथित संगठित अपराध नेटवर्क की भूमिका पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने अब तक 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और सभी पुलिस कस्टडी में हैं। इस मामले में अनिल पंडित को फरार आरोपित घोषित किया गया है। मुंबई पुलिस अब कथित साजिश, हथियारों की आपूर्ति, आरोपियों की आवाजाही और वारदात को अंजाम देने के लिए उपलब्ध कराई गई लॉजिस्टिक मदद की पड़ताल कर रहे हैं।

बंद कमरे में जनरेटर के धुएं से दो की मौत

ओडिशा। ओडिशा के क्योंझर जिले में लक्ष्मी पूजा के दौरान एक बंद कमरे में जनरेटर चालू छोड़ दिया गया था। पुलिस ने बुधवार को बताया कि इसका धुआं सांस के जरिए अंदर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य की हालत गंभीर हो गई है। यह घटना मंगलवार रात बांसपाल ब्लॉक के नायाकोट थाना क्षेत्र के सुडुंगा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, पांच युवक एक बंद कमरे में सो रहे थे, जहां एक जनरेटर चालू छोड़ दिया गया था। बुधवार सुबह जब घर बंद रहा और दरवाजे नहीं खुले, तो ग्रामीणों को शक हुआ और वे घर के अंदर गए।

प्रयागराज के स्कूली बच्चों ने किया अयोध्या धाम का शैक्षणिक भ्रमण-राम मंदिर दर्शन कर नैतिक मूल्यों की ली शिक्षा



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। ललई बारा स्थित श्री राधे को-एड स्कूल के विद्यार्थियों ने सोमवार को श्री अयोध्या धाम का शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन को करीब से जाना। विद्यालय प्रबंधन की ओर से आयोजित इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक दृष्टिकोण का विकास करना था। अयोध्या की पावन भूमि पर पहुंचकर बच्चों ने सत्य, त्याग, मयार्दा, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा जैसे जीवन मूल्यों को समझा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सहित अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन किया। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए।विद्यालय परिवार का कहना है कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ते हैं। इससे बच्चों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभती है। केवल कक्षा की पढ़ाई ही नहीं, बल्कि संस्कार और संस्कृति की शिक्षा भी जरूरी है। भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने यह प्रेरणा ली कि सच्ची शिक्षा वही है जो ज्ञान के साथ संस्कार और सफलता के साथ सदाचार भी प्रदान करे। बच्चों ने कहा कि श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही इस आध्यात्मिक यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

1 नवंबर को ईश्वर शरण कॉलेज में लगेगा मेगा विधिक सहायता शिविर, सीडीओ हर्षिका सिंह ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। जनसामान्य को सरकारी योजनाओं और विधिक सहायता का लाभ एक ही छत के नीचे दिलाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से 1 नवंबर 2026 को बड़ा आयोजन किया जा रहा है। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन होगा।शिविर की तैयारियों को लेकर बुधवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सीडीओ ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं के स्टॉल अनिवार्य रूप से लगाएं और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।सीडीओ ने कहा कि मेगा कैंप का आयोजन व्यापक स्तर पर होना चाहिए। इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं और दिए गए दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन हो। उन्होंने अधिकारियों को शिविर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने को भी कहा, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अधिक से अधिक लोग शिविर में पहुंच सकें।इस मेगा शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम, दिव्यांगजन सशक्तिकरण सहित सभी विभागों के स्टॉल लगेंगे। शिविर में आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन योजना, आवास योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, किसान सम्मान निधि, विधवा पेंशन सहित कई योजनाओं से लाभार्थियों को जोड़ा जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को निशुल्क विधिक परामर्श भी दिया जाएगा। बैठक में परियोजना निदेशक भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

शंकरगढ़ में धड़ल्ले से चल रहे ऑटोमेटिक क्रेशर प्लांट - सिलिका सैंड के अवैध कारोबार पर विभाग की चुप्पी से उठे सवाल

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। शंकरगढ़ क्षेत्र में इन दिनों जगह-जगह स्वचालित क्रेशर प्लांट संचालित होने की शिकायतें तेज हो गई हैं। आरोप है कि इन प्लांटों में अवैध रूप से पत्थरों को पीसकर सिलिका सैंड तैयार की जा रही है, जिसे अधिक दाम पर वाशिंग प्लांटों में बेचा जा रहा है।इन ऑटोमेटिक प्लांटों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इन्हें जरूरत के हिसाब से एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से ले जाया जा सकता है। इसी का फायदा उठाकर संचालक प्रशासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। जैसे ही जांच की सूचना मिलती है, प्लांट को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाता है।स्थानीय लोगों ने इस अवैध कारोबार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि क्या इन प्लांटों के पास खनन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण विभाग की सभी जरूरी अनुमतियां हैं? इन प्लांटों में पीसे जा रहे पत्थरों की आपूर्ति कहां से हो रही है? नियमों का पालन कौन सुनिश्चित कर रहा है?ग्रामीणों का आरोप है कि पत्थरों की लगातार पिसाई से क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। वहीं सरकार को लाखों के राजस्व का नुकसान भी हो रहा है।स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी और खनन विभाग से निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग इस पर रोक लगाते हैं या उनकी चुप्पी यूं ही बनी रहती है।

यमुनानगर में एक्शन मोड में डीसीपी - मेजा थाने का किया निरीक्षण, अपराधियों पर कसे शिकंजे के दिए निर्देश



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। यमुनानगर जोन की कानून व्यवस्था को लेकर डीसीपी विवेक चंद्र यादव अलर्ट मोड में हैं। बुधवार को डीसीपी ने मेजा थाने का अचानक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं और अपराध नियंत्रण को लेकर सख्त निर्देश दिए। डीसीपी विवेक यादव मेजा थाने पहुंचे तो सबसे पहले उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, बैरक और मालखाने का निरीक्षण किया। साफ-सफाई और रिकॉर्ड मेंटेनेंस को लेकर उन्होंने संतोष जताया, साथ ही कुछ कमियों को तुरंत दूर करने को कहा।इसके बाद उन्होंने अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर फाइल, विवेचना रजिस्टर और लंबित मामलों की समीक्षा की। डीसीपी ने थाना प्रभारी धनंजय पाण्डेय से लंबित विवेचनाओं की जानकारी ली और उन्हें शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।डीसीपी ने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए, फरार और वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी हो। गश्त व्यवस्था को और मजबूत किया जाए ताकि चोरी, लूट जैसी घटनाओं पर रोक लगे। उन्होंने जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनने और त्वरित कार्रवाई करने को कहा।निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी धनंजय पाण्डेय सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। डीसीपी के औचक दौरे से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

एसीपी ने खरीदे मिट्टी के दीये, बाजार में बांटी खुशियां - गौहनिया में स्वदेशी अपनाने की अपील, बच्चों को खिलाई मिठाई



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

घूरपुर,प्रयागराज। दीपावली के मौके पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल देखने को मिली। एसीपी कौंधियारा अब्दुल सलाम खान बुधवार को गौहनिया बाजार पहुंचे और कुम्हारों से मिट्टी के दीये खरीदकर दीवाली की खुशियां साझा कीं।बाजार में पहुंचकर एसीपी ने दुकानदारों से बातचीत की और दीपावली की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लोगों से अपील की कि चाइनीज झालरों और लाइटों के बजाय मिट्टी के दीये जलाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली रोशनी का पर्व है, लेकिन इसकी सार्थकता तभी है जब हमारे स्थानीय कारीगरों के घर भी रोशन हों। एक दीया खरीदने से कुम्हार परिवारों में भी खुशहाली आती है और हमारी सदियों पुरानी परंपरा बची रहती है। इस दौरान एसीपी का एक अलग ही अंदाज देखने को मिला। उन्होंने बाजार में मौजूद छोटे-छोटे बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाई और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। बाजार के लोगों ने एसीपी के इस व्यवहार की दिल खोलकर सराहना की।दुकानदारों ने कहा कि जब पुलिस के बड़े अधिकारी खुद आकर स्वदेशी दीये खरीदते हैं तो उनका हौसला बढ़ता है और बिक्री में भी इजाफा होता है।इस मौके पर घूरपुर थानाध्यक्ष, गौहनिया चौकी इंचार्ज सहित कई पुलिसकर्मी और व्यापारी मौजूद रहे। एसीपी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। उनकी इस पहल की चारों ओर चर्चा हो रही है।

गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध मौत, मुकदमा दर्ज



रामकोला। थाना क्षेत्र के इंदरपुर माफी गांव में मंगलवार देर रात एक गर्भवती विवाहिता निशा राजभर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति और सास पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की मां संगीता राजभर के अनुसार, निशा की शादी 1 मई 2026 को रोहित राजभर से हुई थी। शादी के बाद से दहेज को लेकर प्रताड़ना का आरोप है। मृतका 4 माह की गर्भवती थी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पति व सास को पूछताछ के लिए थाने लाया। थानाध्यक्ष स्वतंत्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की हो रही है।

करवा चौथ को लेकर सजीं श्रृंगार की दुकानें, महिलाओं में उत्साह

पूजन सामग्री से लेकर चूड़ी, बिंदी और मेहंदी की दुकानों पर बढ़ी रौनक

इंडिपेंडेंट भारत कौंधियारा/प्रयागराज : आशीष तिवारी

कौंधियारा, प्रयागराज। करवा चौथ पर्व को लेकर जारी कस्बे में बुधवार को बाजार की रौनक बढ़ गई। पर्व को देखते हुए दुकानदारों ने महिलाओं के श्रृंगार से जुड़ी सामग्री की दुकानें सजाईं। बाजार में चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, सिंदूर और अन्य श्रृंगार की सामग्री की दुकानें महिलाओं को आकर्षित कर रही हैं। पर्व को लेकर बाजार में खरीदारी का माहौल बनने लगा है।



करवा चौथ का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को सोलह श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा करती हैं और चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करती हैं। पर्व को देखते हुए दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर विभिन्न प्रकार की चूड़ियां, बिंदी, मेहंदी, सिंदूर और श्रृंगार के अन्य सामान उपलब्ध कराए हैं। महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी कर रही हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि करवा चौथ के नजदीक आने के साथ ही बाजार में ग्राहकों की भीड़ बढ़ेगी। पर्व को लेकर कस्बे के व्यापारियों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

चाका सीएचसी में दवा के नाम पर धोखा - डॉक्टर लिख रहे बाहर की पर्ची, महीनों से कबाड़ में तब्दील है एंबुलेंस

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। यहां आने वाले मरीजों को इलाज के नाम पर केवल पर्ची थमाई जा रही है। अस्पताल में चिकित्सक तो मौजूद रहते हैं, लेकिन मरीजों को दवा बाहर के मेडिकल स्टोर से खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। मरीजों ने बताया कि डॉक्टर मरीज को देखने के बाद पर्ची पर दवा लिख देते हैं और बाहर से लेने को कहते हैं। पूछने पर स्टाफ कहता है कि अस्पताल में दवाएं खत्म हो गई हैं, अगली बार मिलेगी।



रोजाना सैकड़ों मरीज इसी तरह बिना दवा के लौट रहे हैं। गरीब तबके के लोगों के लिए बाहर से महंगी दवा खरीदना किसी मुसीबत से कम नहीं है।स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली की पोल खोलती एक और तस्वीर सामने आई है। अस्पताल परिसर में खड़ी मरीजों को लाने-ले जाने वाली सरकारी एंबुलेंस लंबे समय से खराब पड़ी है। उस पर धूल की मोटी परत जम गई है। उसकी मरम्मत कराने की सुध कोई नहीं ले रहा। इमरजेंसी में लोगों को प्राइवेट गाड़ी का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार मुफ्त इलाज और दवा के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। लोगों ने सीएमओ प्रयागराज और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से सीएचसी में दवाओं की आपूर्ति और एंबुलेंस की मरम्मत की मांग की है।

दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर लौटी मुस्कान - प्रयागराज में शैक्षिक भ्रमण के साथ मनाया जन्मोत्सव, सीडीओ ने दिया आशीर्वाद

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम जी प्रयागराज। जिला बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए एक अनोखी पहल की गई। समेकित शिक्षा के अंतर्गत जनपद के 150 दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक एक्सपोजर विजिट पर ले जाया गया। बच्चों ने आनंद भवन, जवाहर तारामंडल, चंद्रशेखर आजाद पार्क और इलाहाबाद संग्रहालय का भ्रमण कर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को करीब से जाना।भ्रमण के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। शिक्षकों ने उन्हें सभी स्थलों के महत्व के बारे में



विस्तार से बताया। यह भ्रमण बच्चों के लिए ज्ञान और मनोरंजन दोनों का संगम बना।दिन का सबसे भावुक क्षण इलाहाबाद संग्रहालय में देखने को मिला, जहां मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में 10 दिव्यांग बच्चों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। सीडीओ ने बच्चों को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।सीडीओ हर्षिका सिंह ने कहा, प्रत्येक बच्चा विशेष है। दिव्यांगता प्रतिभा की सीमा नहीं हो सकती। हमें हर बच्चे को समान अवसर और सकारात्मक माहौल देना चाहिए। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना विभाग की प्राथमिकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक विकास पांडेय ने किया। इस मौके पर वरुण यादव, राजीव त्रिपाठी सहित सभी स्पेशल एजुकेटर मौजूद रहे।

करमा में सहकारी समिति पर लटका ताला - 1500 किसानों की बुआई अधर में, खाद के लिए दर-दर भटक रहे अन्नदाता

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम कौंधियारा/प्रयागराज। किसान सेवा सहकारी समिति करमा में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन तालाबंदी से क्षेत्र के 1500 किसान संकट में आ गए हैं। सात दिन से समिति के दोनों केंद्रों पर ताला लटका है, जिससे यूरिया और डीएपी खाद का वितरण पूरी तरह बंद हो गया है।बताया जा रहा है कि करमा में दो सहकारी समिति केंद्र संचालित हैं, जहां से आसपास के 1500 किसानों को खाद दी जाती है। इस समय आलू, मटर, सरसों और गेहूं की बुआई का समय चल रहा है। ऐसे



में डीएपी न मिलने से किसानों की फसल पिछड़ रही है और उन्हें भारी नुकसान की आशंका है। किसान रोज समिति पहुंचते हैं, लेकिन निराश लौटना पड़ रहा है।कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए और वेतन नियमित किया जाए। इस मांग को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में कर्मचारी आंदोलनरत हैं। लखनऊ के इको गार्डन में सातवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है।जिला अध्यक्ष जमुनापार जयकुमार तिवारी, महामंत्री नीरज सिंह और सचिव पुष्कर द्विवेदी ने कहा कि जब तक दोनों मांगें पूरी नहीं होंगी, तालाबंदी जारी रहेगी। सरकार हमारा शोषण कर रही है, हमें न तो नियमित वेतन मिलता है और न ही कर्मचारी का दर्जा।इस दौरान कौशलेश सिंह, हरिशंकर तिवारी, संजय पांडेय सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर जल्द खाद वितरण बहाल करने की मांग की है।

शंकरगढ़ के पटहट रोड पर दर्दनाक हादसा - अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर महिला की मौत, प्रशासन पर उठे सवाल

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। थाना शंकरगढ़ क्षेत्र के पटहट रोड पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अवैध रूप से पत्थर लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में क्षमता से अधिक पत्थर लदा था और तेज रफ्तार में था। महिला सड़क किनारे जा रही थी, तभी ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस




ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।स्थानीय लोगों का आरोप है कि शंकरगढ़ बाजार में अवैध पत्थर लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का आतंक है। जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा भारी वाहनों के बाजार में प्रवेश पर रोक लगाने के आदेश के बावजूद पुलिस प्रशासन इन्हें रोकने में नाकाम है। दिन-रात सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली बाजार के बीच से फरार्टा भरते हैं।लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर किसकी मिलीभगत से अवैध खनन का परिवहन हो रहा है? प्रशासन की लापरवाही और उदासीनता के कारण ही आए दिन लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा रहे हैं।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस हादसे के दोषी चालक व संबंधित जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

ध्रुव कुमार त्रिपाठी की जीत पर भाजपा मे खुशी की लहर

रुद्रपुर-देवरिया। गोरखपुर-अयोध्या शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी की जीत पर कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

कांटे के मुकाबले में जीत पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष इंजीनियर सुशील चंद्र गुप्ता ने कहा कि ध्रुव कुमार त्रिपाठी की यह जीत इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखी जाएगी। यह जीत शिक्षक हितों की आवाज है। आपने जिस तरह अपना पूरा जीवन शिक्षक समाज के मान-सम्मान के लिए न्योछावर कर दिया है। जीत की बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री विधायक जयप्रकाश निषाद, एमएलसी डॉ. रतन पाल सिंह, छट्ठे लाल निगम, अनिल कुमार पांडेय, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, रमेश सिंह, जयबहादुर गौतम, कौशल किशोर सिंह, दिलीप जायसवाल, मनीष कुमार गुप्ता, शिवम श्रीवास्तव, अंशुल, पूनम निगम, मदन मोहन गुप्ता,



विनोद गुप्ता, मदन उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं।

छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

फॉर्म-6 भरवाकर नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने पर दिया जोर, रंगोली और पोस्टर के जरिए दिया लोकतंत्र में भागीदारी का संदेश





नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर)। मतदाता जागरूकता अभियान (रएएएढ) 2026 के अंतर्गत बुधवार को सरस्वती देवी महाविद्यालय, नौरंगिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी खड्डा डॉ. संतराज बघेल, तहसीलदार खड्डा महेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नेबुआ नौरंगिया रजनीश द्विवेदी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य गौरव त्रिपाठी मौजूद रहे। अधिकारियों ने युवाओं को मतदान के अधिकार और उसके महत्व के प्रति जागरूक करते हुए पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की। इस दौरान 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पात्र छात्र-छात्राओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 भरवाया गया। वहीं, विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर और बैनर के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। प्रभावशाली नारों के जरिए युवाओं को मतदाता बनने और चुनावी प्रक्रिया में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में शामिल कराना तथा जागरूक और जिम्मेदार मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। आयोजकों ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता बनना और मतदान के महत्व को समझना आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

न्याय के लिए शव लेकर सड़क पर उतरे परिजन, आश्वासन के बाद हुआ अंतिम संस्कार



कसया, कुशीनगर। जिले के बैरिया चौराहे पर बुधवार की देर शाम अफरा-तफरी देखने को मिली। बीते कल पडरौना में अनियंत्रित बस की चपेट में आने से 22 वर्षीय अंजना मिश्र सुपुत्री प्रमोद मिश्र की मौत हो गई थी। मृतिका कसया के निबीडी गाँव की रहने वाली थी।

बुधवार को पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव लेकर बैरिया चौराहा पहुँच गए। इस दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों की स्पष्ट माँग थी कि मृतिका की परिजनों को आर्थिक मदद के साथ नौकरी दी जाए। लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से नाराजगी भी व्यक्त की। हालांकि अंततः जिम्मेदार अधिकारियों की मौजूदगी में परिजनों को शांत कराया गया तब जाकर अंतिम संस्कार हुआ। मौके पर पहुँचे जिम्मेदार अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परिवार को आर्थिक लाभ मुहैया कराया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान बीजेपी नेता सीपीएन पाठक, रूपेश तिवारी, राजेश प्रताप राव बंटी भईया समेत कई लोग मौके पर मौजूद रहे।

उग्रसेन सेतु फिर क्षतिग्रस्त, रुद्रपुर में भीषण जाम; समय निर्धारण की मांग

सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक रहेगी नो एंट्री



विनय कुमार गुप्ता

रुद्रपुर-देवरिया। उग्रसेन सेतु कपरवार पुल के बीच में फिर होल हो जाने से भारी वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। 2 महीने पहले क्षतिग्रस होने के बाद कराए गए मरम्मत कार्य की गुणवत्ता और विश्वसनीयता भी सामने आ गई। कपरवार से आवागमन ठप होने से रुद्रपुर के रास्ते आवागमन शुरू हो गया जिससे भारी वाहन नगर के भीतर बस स्टेशन से इमामबाड़ा चौराहा होते हुए बड़हलगंज मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे रुद्रपुर में भीषण जाम लग रहा है।

कुछ दिन पहले मरम्मत के बाद राहत मिली थी, लेकिन दो दिन पहले पुल दोबारा क्षतिग्रस्त हो गया और समस्या फिर गहरा गई है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भारी वाहनों का प्रवेश रोकने की मांग की ताकि दिन में जाम से राहत मिले। प्रशासन से पुल की जल्द मरम्मत और समय-निर्धारण की मांग की गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जाम की समस्या को देखते हुए रुद्रपुर नगर में सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश नहीं होगा उल्लंघन करने पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा सकती है।

संक्षिप्त समाचार

रात में तालाब पर ही रुके थे श्रीकृष्ण, सुबह मिला शव

बांकेगंज, खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र की बांकेगंज चौकी के अंतर्गत झाऊपुर गांव के पास तालाब की रखवाली कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग की डूबने से मौत हो गई। मंगलवार सुबह परिजन उन्हें चाय देने पहुंचे तो उनका शव तालाब में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। कोठीपुर निवासी श्रीकृष्ण तालाब की रखवाली करते थे। वह दिन-रात तालाब के पास रहकर उसकी देखरेख करते थे। मंगलवार सुबह करीब सात बजे परिजन रोज की तरह उनके लिए चाय लेकर पहुंचे। वहां श्रीकृष्ण दिखाई नहीं दिए, बल्कि उनका शव पानी में पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिजन घबरा गए और आसपास के लोगों को जानकारी दी। सूचना मिलने पर बांकेगंज चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। आशंका है कि रात में या तड़के शौच के लिए जाते समय अंधेरे अथवा फिसलन के कारण उनका पैर फिसल गया होगा और वह तालाब में गिर गए होंगे। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। बुजुर्ग की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सड़क की बदहाली से परेशान बच्चों ने जताया विरोध

खमरिया, खीरी। धौरहरा विकासखंड की ग्राम पंचायत महाराज नगर के चमारन पुरवा में सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। गांव में रास्ता न बनने से स्कूली बच्चों को कीचड़ और जलभराव के बीच से गुजरकर विद्यालय पहुंचना पड़ रहा है। लंबे समय से बनी इस परेशानी के विरोध में ग्रामीणों ने बच्चों के साथ प्रदर्शन कर 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का बैनर लगाया। प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है ।ग्रामीणों के मुताबिक, गांव का मुख्य रास्ता बदहाल है। बारिश के दौरान यहां पानी भरने से कीचड़ हो जाता है, जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है। उन्हें रोजाना इसी रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ता है ।विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार मांग उठाने के बाद भी रास्ता नहीं बनने से उन्हें विरोध का रास्ता अपनाना पड़ा। प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

शबद-कीर्तन से गूंजा बासी गुरुद्वारा, विधायक ने छका लंगर

बिजुआ, खीरी। बासी गुरुद्वारे में मंगलवार को सिख पंथ के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। धार्मिक आयोजन में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। गुरुद्वारे में गुरबाणी पाठ और शबद-कीर्तन के बीच संगत ने मत्था टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया ।कार्यक्रम में गोला विधायक अमन गिरि भी शामिल हुए। उन्होंने गुरुद्वारे में माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए अरदास की। इसके बाद गुरुद्वारे के प्रमुख संत बाबा गुरप्रताप सिंह जी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक ने संगत को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु रामदास जी महाराज ने अमृतसर शहर की स्थापना की और मानवता को सेवा, विनम्रता तथा समानता का संदेश दिया। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत की जा सकती है। धार्मिक कार्यक्रम के समापन पर विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ पंगत में बैठकर लंगर ग्रहण किया।

इंस्टाग्राम पर परिचित बनकर युवक से ठगे 20 हजार

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के अंबरपुर मजरे यूसुफपुर गांव निवासी एक युवक से साइबर ठगों ने 20 हजार रुपये ठग लिए। आरोपी ने खुद को परिचित बताकर दुबई में फंसे होने की बात कही थी। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की है। गांव निवासी सुमित ने बताया कि इंस्टाग्राम के जरिए एक व्यक्ति ने खुद को परिचित बताकर उससे फोन नंबर मांगा।

रायबरेली में 108 यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी

- हाईस्कूल, इंटर के 69,587 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा
- केंद्र निर्धारण जारी होते हुए स्कूलों में बढ़ी हलचल
- केंद्रों को लेकर 28 तक ऑनलाइन कर सकेंगे आपत्ति

■ रायबरेली

यूपी बोर्ड परीक्षा 2027 के लिए जिले में 108 परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 69,587 परीक्षार्थियों को केंद्र आवंटित किए गए हैं। अब विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, छात्र और अभिभावक केंद्र आवंटन में गड़बड़ी मिलने पर 28 अक्टूबर तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि आवंटित केंद्र की विद्यालय से मानक दूरी, केंद्र की निर्धारित क्षमता से अधिक परीक्षार्थियों का आवंटन अथवा अन्य विसंगति होने पर साक्ष्यों के साथ प्रत्यावेदन किया जा सकता है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिले में हाईस्कूल के 38,962 और इंटरमीडिएट के 30,625 परीक्षार्थियों को केंद्र आवंटित किए गए हैं। आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर है। इसके बाद और अन्य माध्यमों से भेजे गए प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अनंतिम सूची जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के नोटिस बोर्ड और विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप पर भी उपलब्ध है।

सीएचसी में डॉक्टर और स्टाफ से मारपीट का आरोप

लालगंज (रायबरेली)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की इमरजेंसी में सोमवार रात डॉक्टर और चिकित्सीय स्टाफ के साथ मारपीट का आरोप लगा है। मरीज का इलाज कराने आए लोगों पर हंगामा करने और स्टाफ का मोबाइल छीनने की कोशिश करने का भी आरोप है। घटना से अस्पताल में अफरातफरी मच गई। इमरजेंसी में इलाज कराने आए मरीजों में दहशत फैल गई। कई मरीज बिना इलाज कराए ही लौट गए। डा0 गौरव पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार देर शाम कुछ लोग मरीज को लेकर आए थे। आरोप है कि आते ही उन्होंने गालीगलौज और हंगामा शुरू कर दिया। विरोध करने पर डॉक्टर और चिकित्सीय स्टाफ के साथ मारपीट की। स्टाफ ने घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने मोबाइल छीनने की कोशिश की। डॉक्टर के मुताबिक हंगामे के कारण इमरजेंसी में मौजूद अन्य मरीजों में दहशत फैल गई। कई मरीज बिना उपचार कराए ही लौट गए। डॉक्टर ने चार नामजद और तीन अज्ञात लोगों समेत सात के खिलाफ तहरीर दी है।

दो दिवसीय मेलों में झूलों और नौटंकी ने बांधा समां

■ रायबरेली



राही ब्लॉक के भांव गांव में सोमवार को पारंपरिक दो दिवसीय मेले का शुभारंभ पुराने स्थान रामलीला मैदान में हुआ। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने पहुंचकर जमकर आनंद उठाया। दिन ढलने के साथ ही मेले में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी, जो शाम होते-होते और अधिक हो गई।

रामलीला मैदान में लगे मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए बड़ा झूला, छोटा झूला, ड्रैगन ट्रेन, जंपिंग झूला और मिकी माउस आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने झूला झूलकर खूब मस्ती की, वहीं महिलाओं और अन्य लोगों ने भी मेले का आनंद लिया। मेले में चाट, चाउमीन, बर्गर और पानीपुरी की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। गुड़ की जलेबी का भी लोगों ने जमकर स्वाद चखा।मेले में मिठाई, फल, सब्जी, जनरल स्टोर, आइसक्रीम, लकड़ी के सामान, मिट्टी के बर्तन, खिलौने और प्लास्टिक के बर्तनों की दुकानें सजी रहीं। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन और गृहस्थी के सामानों की खरीदारी की, जबकि बच्चों ने अपनी पसंद के खिलौने खरीदे।मेले में रंगारंग नौटंकी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसे देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मेले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भदोखर एसओ राकेश चंद्र आनंद पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

स्कूटी फिसलने से सड़क पर गिरी महिला, ट्रक ने कुचला

पलिया कलां, खीरी। नेशनल हाईवे-731 पर पुलिया के पास सड़क की बदहाली एक महिला की जान पर भारी पड़ गई। गहरे गड्ढे में स्कूटी अनियंत्रित होने से पीछे बैठी 60 वर्षीय महिला सड़क पर गिर गईं। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में स्कूटी चला रहा व्यक्ति भी दूसरी ओर गिर गया। जानकारी के अनुसार, चंबरबोज मकनपुर निवासी भागवत देवी (60), पत्नी स्वर्गीय रामाधार, पड़ोसी किशोरी लाल के साथ स्कूटी से भीरा स्थित साईं मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं। रास्ते में नेशनल हाईवे-731 पर पुलिया के पास सड़क में बने गहरे गड्ढे में स्कूटी पड़ गई। इससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और पीछे बैठी भागवत देवी सड़क पर जा गिरीं। इसी दौरान पीछे से गुजर रहे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की और शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस दुर्घटना के बाद मौके से निकले ट्रक की तलाश में जुटी रही।

लालगंज में 'रन फॉर इंटीग्रिटी' में दौड़े बच्चे, बूढ़े और जवान

■ लालगंज-रायबरेली



आरेडिका के कर्मचारियों व स्कूल के बच्चों ने प्रतियोगिता में लिया भाग।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में मंगलवार को सत्यनिष्ठा से समृद्धि की थीम पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किये गये। इसी क्रम में प्रातः 06:00 बजे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में 'रन फॉर इंटीग्रिटी' प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें आरेडिका के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

इस आयोजन का उद्देश्य सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं नैतिक आचरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में इन मूल्यों को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को मुख्य सतर्कता अधिकारी महेश सिंह ने पुरस्कृत किया। इसी क्रम में प्रातः 10:00 बजे सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल, लालगंज में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य सतर्कता अधिकारी महेश सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई और अपने दैनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के तहत सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर वाक् प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को मुख्य सतर्कता अधिकारी महेश सिंह ने पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

आरेडिका में कार्यक्रमों के माध्यम से सत्यनिष्ठा एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को प्रोत्साहित करने और भ्रष्टाचार-मुक्त कार्य-संस्कृति के निर्माण का संदेश दिया गया।

संदिग्ध हालात में बेहोश मिले युवक की मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आरएस चौराहे पर इंडियन गेस्ट हाउस के सामने बेहोशी की हालत में मिले युवक की घर पर मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।भगवंतपुर गोटपाली निवासी सिराजुद्दीन (42) पुत्र कमरुद्दीन पिछले दो-तीन दिनों से बुखार से पीड़ित था। परिजनों के मुताबिक, 26 अक्टूबर की सुबह करीब 7रू30 बजे वह गेस्ट हाउस के सामने बेहोशी की हालत में मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे। परिजन उसे घर ले गए, जहां शाम करीब पांच बजे उसकी मौत हो गई। गांव में चर्चा है कि वह गेस्ट हाउस के पास झाड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

आरेडिका प्रशिक्षण में कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित



प्रमाणित प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम।

■ लालगंज-रायबरेली

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के चिकित्सा विभाग के सौजन्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से मंगलवार को कारखाने के कर्मचारियों के लिए प्रमाणित प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आरेडिका के महाप्रबंधक रामन कृष्णन ने किया। जीएम ने कार्यस्थल पर सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सजग एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कारखाने के विभिन्न विभागों से नामित कुल 52 कर्मचारियों को प्रमाणित प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर दुर्घटना अथवा किसी आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्राथमिक उपचार सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना और उनमें स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

प्रधानाध्यापकों की बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

मशाल 2026 के लिए विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश

कृष्णानंद मिश्र मधुबनी पश्चिमी चंपारण



मधुबनी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुंदन कुमार ने की।

बैठक के बाद बीडीओ सह बीईओ कुंदन कुमार ने बताया कि इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 की समग्र शिक्षा राशि के व्यय, विद्यालयों में कायाकल्प योजना के क्रियान्वयन, प्रशस्त ऐप पर रजिस्ट्रेशन तथा छात्र-शिक्षक उपस्थिति समेत कई महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि मशाल 2026 के तहत विद्यालयों के विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराएं। साथ ही विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। बैठक में प्रधानाध्यापक मुन्ना प्रसाद, रामायन साह, नागेंद्र मिश्रा, जमीर अख्तर, संगीता मिश्रा, बिपिन बिहारी, रवि प्रकाश सहित प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

अनियमितताओं पर कार्रवाई की मांग, बार संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



रुद्रपुर-देवरिया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यानंद पांडे के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसील बार संघ देवरिया के समर्थन में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता को सौंपा। अधिवक्ताओं ने तहसील न्यायालय में व्याप्त अनियमितताओं और कार्यप्रणाली में विलंब पर गंभीर चिंता जताई। ज्ञापन में कहा गया कि न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुचिता बनाए रखना आवश्यक है। संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध यथाशीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस अवसर पर महामंत्री विनोद पाठक, प्रमोद सिंह, आनंद शंकर मणि, सत्य प्रकाश गुप्ता, शशिभूषण सिंह, कृष्णमूर्ति मणि, सौरभ गुप्ता, संतोष कुमार, पंकज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

पेंशन योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को लाभ दिलाने के लिए 29 अक्टूबर को लगेगा कल्याणकारी शिविर

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि सोशल सेक्टर की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में 29 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10 बजे से तहसील परिसर सलेमपुर में कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से तहसील सलेमपुर की उन ग्राम पंचायतों में पेंशन योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा, जहां पेंशन लाभार्थियों की संख्या सबसे कम है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविर स्थल पर निर्धारित समय से विभागीय स्टॉल लगाए जाएं तथा योजनाओं से संबंधित फ्लेक्सी बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

ताड़का वध और अहिल्या उद्धार की लीलाओं का सुंदर मंचन



रुद्रपुर, देवरिया। दुग्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में चल रहे रामलीला मंचन के तीसरे दिन कलाकारों की प्रस्तुतियों पर जहां तालियां बजीं, वहीं ताड़का वध पर श्रीराम के जयघोष गूंज उठे।

कलाकारों ने मारीच-राम युद्ध का सजीव मंचन किया। भगवान राम ने बाण चलाकर राक्षसी ताड़का का वध किया, तो पूरा प्रांगण 'जय श्री राम' के जयकारों से गूंज उठा। इसके उपरांत प्रभु राम के चरण स्पर्श से पाषाण बनी माता अहिल्या का उद्धार हुआ। लीला में आगे राजा जनक द्वारा जानकी स्वयंवर की घोषणा और धनुष यज्ञ के प्रसंग को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। तीसरे दिन की लीला के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि हेमंत शुक्ला ने भगवान की आरती उतारी और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दुग्धेश्वर नाथ रामलीला समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, पं. आदित्य पांडेय, श्रवण पटेल, विकास पांडेय, मुन्ना मौर्या, शैलेश पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

जज से मारपीट में सिपाही को छह-छह माह की सजा



हरदोई। चलती ट्रेन में सीट को लेकर तत्कालीन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लालता प्रसाद से मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने के 17 साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कुसुम लता की अदालत ने सिपाही भोलानाथ को तीन धाराओं में छह-छह माह के साधारण कारावास और कुल तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। हत्या के प्रयास के आरोप से उसे बरी कर दिया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव सिंह राठौर के अनुसार, घटना 16 मई 2009 की है। बरेली से प्रयाग जा रहे न्यायाधीश लालता प्रसाद पर हरदोई स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद सिपाही भोलानाथ ने सीट से उठाने को लेकर डंडे से हमला करने, गला दबाने और धमकी देने का आरोप था। यात्रियों ने आरोपी को पकड़कर चारबाग स्टेशन पर जीआरपी के हवाले कर दिया था। अदालत ने मारपीट, अपमान और धमकी की धाराओं में सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ चलेंगी। जुर्माने की आधी राशि पीड़ित को क्षतिपूर्ति के रूप में देने का आदेश दिया गया है।

हरदोई सीडीओ के अर्दली के खाते से डेढ़ लाख रुपये पार

हरदोई। साइबर ठगों ने मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल के अर्दली शिवराम यादव निवासी विभूति नगर, बिलग्राम चुंगी के एसबीआई खाते से फोनपे के जरिए तीन बार में डेढ़ लाख रुपये पार कर दिए। सिटी कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवराम यादव के मुताबिक, 23 अक्टूबर को खाते से 50 हजार रुपये और 24 अक्टूबर को दो बार में 50-50 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। शिकायत में हीरालाल, जिंजुआडिया महेश नटवरलाल और विल्सन डी क्रूज के खातों में रकम जाने की जानकारी दी गई है। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत के बाद 26 अक्टूबर को पुलिस को तहरीर दी। मामले की विवेचना उप निरीक्षक दीपेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में हरदोई छह नेताओं को मौका



हरदोई। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में हरदोई के पांच नेताओं को जगह मिली है। घोषित सूची में पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण शास्त्री, क्षेत्रीय टीम में समायोजन से चूके नौमिष त्रिपाठी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक सिंह और माधौगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्रा छोटे भैया के नाम शामिल हैं। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने सभी को बधाई दी है।

विधायक कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मारपीट का आरोप

हरदोई। मल्लावां में मतदाता सूची के सत्यापन में जुटे कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय भाजपा विधायक के कार्यालय में मारपीट, अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसपी अशोक मीणा से मिलकर शिकायत की। एसपी ने जांच सीओ बिलग्राम को सौंपी है। शिकायत के अनुसार, 24 अक्टूबर को विनय दीक्षित, शोभित मिश्रा और आशीष यादव 159 बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक कार्य और मतदाता सूची के भौतिक सत्यापन में लगे थे। आरोप है, उन्हें रोककर विधायक कार्यालय में मारपीट और अभद्रता की गई तथा धमकी दी गई।

युवक की मौत से मचा हड़कंप, बरामदे में नीम के पेड़ से लटका मिला शव


फर्रुखाबाद। थाना राजेपुर क्षेत्र के पट्टी दारापुर गांव में देर रात 21 वर्षीय युवक का शव उसके मकान के बरामदे में नीम के पेड़ से अंगोछे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन युवक को नीचे उतारकर 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लोहिया लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पट्टी दारापुर निवासी आकाश पुत्र विजयपाल (21) के रूप में हुई। युवक की मौत की खबर सुनकर उसकी मां प्रेम देवी सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

बहराइच से लौटते समय हुए थे लापता, क्रेन की मदद से आधी रात को निकाली गई कार

तालाब में मिली कार, अंदर थे तीनों लापता लोगों के शव

■ सीतापुर

सिधौली कोतवाली क्षेत्र से कार समेत लापता हुए तीन लोगों के शव सोमवार देर रात कमलापुर थाना क्षेत्र के पंचपीर गांव के पास तालाब में मिले। रात करीब 1:30 बजे पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकलवाया तो उसके अंदर तीनों के शव बरामद हुए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार तालाब में किन परिस्थितियों में पहुंची, इसकी जांच की जा रही है।






रामेंद्र सिंह



सतीश निर्मल



राकेश चौरसिया



मृतकों की पहचान सिधौली निवासी राकेश चौरसिया (50), सतीश (40) और अटरिया निवासी रामेंद्र (62) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राकेश के बेटे मोहन का बहराइच में एक्सीडेंट हो गया था। उसे देखने के लिए राकेश अपने साथियों सतीश और रामेंद्र के साथ कार से बहराइच गए थे। वहां से लौटते समय तीनों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने और संपर्क नहीं होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद गुमशुदगी दर्ज कर तीनों की तलाश शुरू की गई। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब चार बजे कंदुनी फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे में उनकी कार दिखाई दी थी। इसके बाद से पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच सोमवार देर रात कमलापुर थाना क्षेत्र के पंचपीर गांव के पास तालाब में कार पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकलवाया। कार के अंदर तीनों के शव मिलने की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

हादसे के कारणों की जांच

कार तालाब में किन परिस्थितियों में पहुंची, इसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर चालक को नींद आने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी। प्रभारी निरीक्षक इतुल चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

धान खरीद में सुस्ती, एसडीएम का छापा, केंद्र प्रभारियों को चेतावनी

● मंडी में रात से कतार में थे किसान, 27 केंद्रों पर 601.90 क्विंटल ही खरीद

■ हरदोई

नवीन गल्ला मंडी में धान खरीद की स्थिति परखने के लिए मंगलवार को एसडीएम सदर गुलाब चन्द्र ने छापा मारा। रात से उपज बेचने के लिए कतार में लगे किसानों को देखकर सभी 27 केंद्र प्रभारियों को खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए। खरीद शुरू नहीं करने वाले केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी। डीएम राहुल पाण्डेय के आदेश और एडीएम (न्यायिक) राजेंद्र कुमार के निर्देश पर एसडीएम सदर ने अपराह्न चार बजे मंडी में खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया।



सुधरे नहीं तो नपेंगे केन्द्र प्रभारी

किसानों की गाड़ियां नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार, सीओ सिटी अजीत चौहान, सिटी कोतवाल संजय त्यागी के सहयोग से खरीद केंद्रों तक पहुंचाई गईं। केंद्र प्रभारियों में अफरा-तफरी रही। मंडी में विपणन विभाग के 10, मंडी समिति के छह, यूपीएसएस के चार, पीसीएफ के दो और पीसीयू के पांच केंद्र समेत कुल 27 केंद्र बनाए गए हैं। मंगलवार को 601.90 क्विंटल ही खरीद हुई। करीब 30 से 40 किसान उपज बेचने के लिए मंडी में थे। एसडीएम ने इन किसानों का धान उसी दिन हर हाल में खरीदने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा, जिन केंद्रों पर खरीद शुरू नहीं हुई है, वहां तत्काल खरीद शुरू कराई जाए। निर्देशों का पालन नहीं होने पर संबंधित केंद्र प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी। निरीक्षण में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पवन गंगवार, मंडी समिति हरदोई के सचिव मलखान सिंह और विभिन्न खरीद केंद्रों के प्रभारी मौजूद रहे।

धान खरीद में अव्यवस्था पर किसान संगठनों ने खोला मोर्चा

सीतापुर। जिले में सरकारी धान खरीद व्यवस्था प्रभावित होने से किसानों की बढ़ती मुश्किलों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्र-शक्ति) और राष्ट्रीय लोकदल ने संयुक्त रूप से आवाज उठाई। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान के नेतृत्व में दोनों संगठनों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर धान की तत्काल खरीद शुरू कराने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने और बाढ़ से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि सरकारी धान खरीद शुरू हुए करीब 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन 94 साधन सहकारी समितियों में कर्मचारियों की हड़ताल के कारण खरीद प्रभावित है। इसके चलते किसान अपनी उपज ग्रामीण बाजारों में 1600 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेचने को मजबूर हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्र-शक्ति) के प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी की ओर से दिए गए ज्ञापन में सभी धान क्रय केंद्रों पर तत्काल खरीद शुरू कराने और किसानों को निर्धारित एमएसपी का लाभ दिलाने की मांग की गई।

'न्याय भवन' में लिफ्ट लगवाएंगे नरेश अग्रवाल

हरदोई। पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कचहरी की बहुमंजिला इमारत में लिफ्ट लगवाने की घोषणा की है। अधिवक्ताओं के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि सीढ़ियां चढ़ने-उतरने में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और वादकारियों को होने वाली परेशानी दूर करने के लिए यह पहल की गई है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष जेपी त्रिवेदी, महामंत्री पंकज सिंह सोमवंशी, पूर्व अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह गौर, कृष्ण दत्त शुक्ला टुल्लू बाबू, जिला शासकीय अधिवक्ता आशुतोष मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता गुंजन मिश्रा, पंडित राम प्रकाश शुक्ला और इंद्रपाल सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने घोषणा का स्वागत करते हुए नरेश अग्रवाल के प्रति आभार जताया।

टायर स्क्रैप फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जनपद के फतेहगढ़ स्थित एक टायर स्क्रैप फैक्ट्री में सुबह करीब 4:05 बजे भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया। आग की भयावहता को देखते हुए फर्रुखाबाद के अलावा मैनपुरी और कन्नौज से भी अग्निशमन वाहनों को बुलाया गया। करीब 10 घंटे तक लगातार चले अभियान के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

बसपा ने खोला पहला चुनावी पत्ता

भरावन प्रमुख संडीला विधानसभा सीट से प्रत्याशी



■ भरावन

आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए बसपा ने संडीला सीट से भरावन ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर बिन्नू को प्रत्याशी घोषित किया है, जो जिले में किसी राजनीतिक दल का पहले घोषित प्रत्याशी हैं। मंगलवार को अतरौली चौराहे पर मां वैष्णो मैरिज हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन में बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने उनके समर्थन में जुटने की अपील की।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष पाल ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए राजनीति पर सवाल उठाए। आरक्षण, बैकलॉग भर्ती और वंचित वर्गों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाया। भाजपा और कांग्रेस की भूमिका पर भी सवाल किए। कहा, डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान में निहित अधिकारों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। दावा किया, बसपा शासनकाल में आरक्षित पदों को भरने की दिशा में काम हुआ, जबकि सपा सरकार में बैकलॉग भर्ती प्रभावित हुई।

बिन्नू भैया को जिताकर विधानसभा भेजें

विश्वनाथ पाल ने कार्यकर्ताओं से 2027 के चुनाव में हाथी निशान पर मतदान कर विनोद सिंह तोमर को ब्लॉक प्रमुख से प्रमोट कर विधायक बनाने की अपील की। कहा, बिन्नू के विधानसभा पहुंचने पर मायावती प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी।

प्रसूता की मौत पर प्रशासन सख्त, अस्पताल की जांच के लिए समिति हुई गठित

● इलाज में लापरवाही के आरोपों की होगी पड़ताल

■ सीतापुर

रामकोट क्षेत्र स्थित जीवन अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत के मामले में प्रशासन ने जांच के निर्देश दिए हैं। परिजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। अस्पताल में कथित रूप से अपात्र चिकित्सकों के कार्य करने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित खबरों का भी जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दो कार्यदिवस में रिपोर्ट मांगी गई है। मैगलगंज निवासी 35 वर्षीय राखी शर्मा पत्नी रिंकू शर्मा को प्रसव के लिए जीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजन के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब नौ बजे ऑपरेशन से प्रसव कराया गया। आरोप है कि शरीर में खून की कमी होने के बावजूद ऑपरेशन किया गया। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन का कहना है कि गंभीर स्थिति में उसे लखनऊ ले जाने की बात कही गई, पर वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए रामकोट पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।



तीन सदस्यीय समिति करेगी जांच

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. के आदेश पर गठित समिति में उप जिलाधिकारी जनार्दन, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी इमरान अली और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिता त्रिपाठी को शामिल किया गया है। समिति को अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण करने और अभिलेखों की जांच कर दो कार्यदिवस के भीतर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच में प्रसूता के उपचार और मृत्यु से जुड़े अभिलेखों के साथ अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों की शैक्षिक योग्यता और संबंधित दस्तावेजों की भी पड़ताल की जाएगी। चिकित्सकों की योग्यता को लेकर प्रसारित खबरों की पुष्टि भी अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। जांच के दौरान अन्य तथ्य सामने आने पर उनकी भी पड़ताल की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी को आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों को भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अब जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी पकड़ा

● शाहजहांपुर बॉर्डर के पास पुलिस ने दबोचा

● लखनऊ ट्रामा सेंटर में बच्ची का चल रहा इलाज

■ सीतापुर

महोली कोतवाली क्षेत्र में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 50 वर्षीय आरोपी अशोक यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार देर रात शाहजहांपुर बॉर्डर के पास से आरोपी की गिरफ्तारी का दावा किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की तीन टीमें उसकी तलाश में लगाई गई थीं। अब पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी है।



जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मजदूर की आठ वर्षीय बेटी शनिवार शाम करीब पांच बजे घर के बाहर लगे सरकारी नल पर पानी लेने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का रहने वाला अशोक यादव उसे टॉफी दिलाने का लालच देकर गन्ने के खेत में ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल से लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना के बाद से फरार था आरोपी

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत दुष्कर्म की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। सोमवार देर रात पुलिस ने शाहजहांपुर बॉर्डर के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

600 एनसीसी कैडेटों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

■ सीतापुर



श्री कृष्णा कॉलेज, अहमदनगर में एनसीसी के सीऐटीसी-223 शिविर में करीब 600 कैडेटों को नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। 22 यूपी वाहिनी एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आग, भूकंप और अन्य आपात परिस्थितियों से निपटने के तरीके बताए गए। नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक वेद प्रकाश ने कैडेटों को नागरिक सुरक्षा अधिनियम-1968, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन निकासी, बचाव कार्य और चेतावनी संकेतों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सतर्कता, अनुशासन और समय पर सूचना देकर जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के बल पर आपदा प्रबंधन तथा जनजागरूकता अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि वे प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों को व्यवहार में उतारें और अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें।

'अराजकता हटाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियानः मतदाता सूची और एसआईआर पर करेगी जागरूक

3 को भाजपा की पदयात्रा, हरदोई से जाएंगे 15 हजार कार्यकर्ता

■ हरदोई

भाजपा के 'अराजकता हटाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत तीन नवंबर को लखनऊ में विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के अनुसार, इसमें शामिल होने के लिए हरदोई से करीब 15 हजार कार्यकर्ता राजधानी पहुंचेंगे। अभियान 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाया जा रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर जिले में भी जनसंपर्क और जागरूकता कार्यक्रम होंगे। कार्यकर्ता लोगों को मतदाता सूची की शुद्धता, एसआईआर प्रक्रिया और लोकतांत्रिक भागीदारी के प्रति जागरूक करेंगे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नितिन मित्तल ने कहा, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की शुद्धता और पात्र नागरिक की सहभागिता जरूरी है। एसआईआर को लेकर शंका समाधान करना भी आवश्यक है।



बब्बन ने बताया, पदयात्रा की तैयारियों के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाया जा रहा है।

बैठक में कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह, सह-संयोजक जिला मंत्री निर्देश राजपूत, आशुतोष आजाद, नगरपालिका अध्यक्ष मधुर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, संदीप सिंह, सौरभ सिंह गौर, अजय शुक्ला, महेंद्र सोनी, अलका गुप्ता, जिला महामंत्री ओम वर्मा, सतेंद्र राजपूत, अनुराग मिश्रा, जिला मंत्री दीपा विश्वास, नीतू चंद्रा, रिंकू गुप्ता, सत्यम शुक्ला, अदिति कुशवाहा, अमरेंद्र अर्कवंशी, मीडिया प्रभारी अतुल सिंह चाउंपुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा मिश्रा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, गुड्डू, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पाल, अनु. मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष मुदित वाजपेयी, कार्यालय मंत्री आजाद भदौरिया, सोशल मीडिया संयोजक ऋतुराज त्रिपाठी, आईटी संयोजक प्रद्युम्न आनंद मिश्रा, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, सह कोषाध्यक्ष गांगेश पाठक, सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता, आयुष सिंह, सह आईटी संयोजक हर्ष सविता, सह कार्यालय मंत्री अर्जुन चंदेल, विनोद वर्मा, बावन मंडल अध्यक्ष दिनेश पाल और हरियावां मंडल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने किया शोभायात्रा काशुभारंभ



शोभायात्रा का शुभारंभ करते विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी।

डिबाई। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सोमवार को अनाज मंडी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। क्षेत्रीय विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए। नगर के विभिन्न मार्गों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल, केसरी सिंह, नीरज, बिट्टू जोगी, राजू वाल्मीकि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

14वें जेम्स अवार्ड से सम्मानित हुए बुलन्दशहर के अभिनव वर्मा



14वें जेम्स अवार्ड समारोह में सम्मानित बुलन्दशहर निवासी अभिनव वर्मा।

बुलन्दशहर। नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में महाराज अजमीढ़ जयंती के अवसर पर 14वें जेम्स अवार्ड समारोह-2026 का भव्य आयोजन किया गया। विश्व प्रसिद्ध वेदाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश आर्य के तत्वावधान में आयोजित समारोह में बुलन्दशहर निवासी स्वर्णकार समाज के युवा राष्ट्रीय महामंत्री अभिनव वर्मा सहित देश-विदेश की कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति के.जी. बालाकृष्णन और मालदीव के शिक्षा मंत्री डॉ. अब्दुल्लाह रशीद अहमद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने शिक्षा, समानता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। अभिनव वर्मा ने युवाओं से शिक्षित, संगठित और आत्मनिर्भर बनकर समाज के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में महाराज अजमीढ़ जी की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता मजबूत करने का संदेश दिया गया।

अग्निकर्म की राष्ट्रीय कार्यशाला में जुटे सात सौ प्रतिनिधि



राष्ट्रीय आयुर्वेद कार्यशाला में उपस्थित अतिथि, चिकित्सक व विद्यार्थी।

बुलन्दशहर। दिल्ली पब्लिक स्कूल के कामायनी ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन एवं जनपद आयुर्वेद सम्मेलन की ओर से राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली के सहयोग से अग्निकर्म पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 11 राज्यों के करीब 700 चिकित्सकों एवं आयुर्वेद विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में छह चिकित्सकों को प्राणाचार्य की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। विशेषज्ञों ने अग्निकर्म चिकित्सा, शोध पत्रों, उपचार तकनीकों और आयुर्वेद के व्यावहारिक उपयोग पर विचार साझा किए। क्विज एवं श्लोक वाचन प्रतियोगिताएं भी हुईं। ज्योतिष्मति क्विज में जीवन ज्योति आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ की टीम विजयी रही। कार्यक्रम में आयुर्वेद औषधियों एवं अग्निकर्म उपकरणों के स्टॉल भी लगाए गए। उद्घाटन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति और महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने किया।

महाराजा अजमीढ जी की जयंती पर किया महायज्ञ

खुर्जा। श्री मैढ राजपूत स्वर्णकार समाज समिति (रजि.), खुर्जा की ओर से स्वर्णकार समाज के आदि पुरुष महाराजा श्री अजमीढ जी की जयंती पर श्री गोवर्धन मंदिर में महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में सर्वसमाज के लोगों ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर समिति संरक्षक रामकिशन वर्मा, अध्यक्ष रवि वर्मा (हैप्पी), सचिव शैलेंद्र सिंह वर्मा (बंटी), कोषाध्यक्ष राकेश वर्मा (सोनू), एडवोकेट हितेंद्र वर्मा, अमित वर्मा (रिम्पी), ललित वर्मा, बासु वर्मा, शेखर वर्मा, विकास वर्मा, मोहनलाल वर्मा, राजकुमार वर्मा, विकास सोनी, मोहित वर्मा, दिवाकर सोनी, केशव वर्मा और हरीश वर्मा सहित अनेक स्वर्णकार बंधु उपस्थित रहे।

प्रदेशीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए देवेंद्र सिंह का चयन

डिबाई। चेतराम हरियाणा इंटर कॉलेज, डिबाई के छात्र देवेंद्र सिंह प्रजापति ने 70वीं मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 और 600 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रयागराज में होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया।छात्र 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में आयोजित 70वीं प्रदेशीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा। विद्यालय प्रबंधक लता शर्मा, प्रधानाचार्य पवन कुमार यादव एवं कोच व शारीरिक शिक्षक डॉ. रवि प्रकाश दुबे ने छात्र को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने समाजसेवी नील भारद्वाज को भेजा सराहना पत्र



डिबाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजघाट निवासी समाजसेवी नील भारद्वाज के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र भेजा है। 2 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र में मुख्यमंत्री ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने नील भारद्वाज के सेवा भाव और जनसरोकारों के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री का पत्र मिलने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नील भारद्वाज ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाजसेवा के लिए और अधिक प्रेरित करेगा।

बनते ही चटकने लगी सीसी रोड, निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

खुर्जा। नगर के वार्ड नंबर 22 स्थित मुरारी नगर में नवदुर्गा शक्ति मंदिर रोड की गली में विकास निधि से बनी सीसी सड़क बनने के कुछ समय बाद ही चटकने लगी है। सड़क में बड़ी दरारें पड़ने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पालिका अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं। वहीं, खुशीपुरा में नाली बनाए बिना ऊंची-नीची सड़क निर्माण से घरों में जलभराव का खतरा बढ़ गया है। लाखों रुपये की लागत से हुए निर्माण कार्यों को लेकर लोगों ने जांच की मांग उठाई है।

आज होगा मिस्टर यूपी बॉडी बिल्डिंग एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

डिबाई। रामलीला ग्राउंड में 28 अक्टूबर को मिस्टर यूपी ओपन हैवीवेट, क्लासिक बॉडी बिल्डिंग एवं पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक चंद्रपाल सिंह करेंगे। यह जानकारी आयोजक विपिन कुमार ने दी।

नोटिस के बावजूद तेज आवाज में बजाए डीजे, दो संचालकों पर मुकदमा

पहासू। काली की शोभायात्रा में निर्धारित मानकों से अधिक बेस और साउंड बजाने के आरोप में पहासू पुलिस ने दो डीजे संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, सुपर डीजे संचालक मूवीन और प्रिंस डीजे संचालक पुष्पेंद्र उर्फ प्रिंस को पहले नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद ध्वनि मानकों का पालन नहीं किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 293 और ध्वनि प्रदूषण नियमों के तहत कार्रवाई की है। वहीं, लोगों ने शिकारपुर, सलेमपुर और अहमदगढ़ क्षेत्र में भी तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

नालियों में गोबर बहाने पर डेयरी संचालक पर 33 हजार का जुर्माना

नगर आयुक्त के निर्देश पर किशनपुर में हुई कार्रवाई, अन्य डेयरी संचालकों को भी चेतावनी

अलीगढ़।

नाले-नालियों में गोबर और गंदगी बहाकर सफाई व्यवस्था बाधित करने के मामले में नगर निगम ने किशनपुर क्षेत्र में एक डेयरी संचालक पर 33 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। मंगलवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के निर्देश पर पशु कल्याण अधिकारी डॉ. राजेश वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और प्रवर्तन दल ने यह कार्रवाई की।नगर निगम के अनुसार, डेयरी से निकलने वाले गोबर और अन्य अपशिष्ट को नालियों में बहाने से जल निकासी प्रभावित होने और गंदगी फैलने की आशंका रहती है। कार्रवाई के दौरान संबंधित संचालक को भविष्य में गोबर और पशु अपशिष्ट का उचित निस्तारण करने की चेतावनी भी दी गई।नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले डेयरी संचालकों को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नालों और नालियों में गोबर बहाने वालों के खिलाफ जुर्माने के साथ विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है।अभियान में स्वच्छता एवं खाद्य निरीक्षक बिशन सिंह सहित नगर निगम की प्रवर्तन टीम मौजूद रही।



डेयरी संचालक पर जुर्माने की कार्यवाही करत पशु कल्याण अधिकारी, साथ में हैं प्रवर्तन दल।

आकर्षक झांकियों के साथ निकली मां महाकाली की भव्य शोभायात्रा



महाकाली मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते समाजसेवी सुविन भारद्वाज।

जहांगीराबाद

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को नगर में मां महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक झांकियों में स्थानीय कलाकारों ने भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। नन्नागिरी मंदिर परिसर में आयोजित महाकाली मेले का शुभारंभ समाजसेवी सुविन भारद्वाज ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं समाज को सत्य, सद्भाव, समानता और मानवता का संदेश देती हैं।

2433 शौचालयों की पहली और 1974 की दूसरी किश्त को मंजूरी

सीडीओ ने स्वच्छता कार्यों में लापरवाही पर जताई सख्ती, बंद सामुदायिक शौचालयों को चालू कराने के निर्देश

अलीगढ़।

मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक हुई। इसमें व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण, सामुदायिक शौचालयों की क्रियाशीलता और ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा की गई।बैठक में 2433 व्यक्तिगत शौचालयों के लिए पहली किश्त और 1974 शौचालयों के लिए दूसरी किश्त के आवंटन को मंजूरी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कुल 850 सामुदायिक शौचालयों में से 814 क्रियाशील हैं, जबकि 26 बंद हैं। सीडीओ ने सभी सामुदायिक शौचालयों को चालू कराने के निर्देश दिए।ओडीएफमॉडल प्लस ग्रामों में आरआरसी केंद्रों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 803 गांवों में निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 49 गांवों में अभी स्थल चयन नहीं हुआ है। सीडीओ ने संबंधित उपजिलाधिकारियों से समन्वय कर स्थल चयन की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने को कहा।उन्होंने जल संरक्षण के लिए तालाबों की खुदाई के प्रस्ताव एक सप्ताह में तैयार करने तथा विद्यालयों में मरम्मत, शौचालय, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जर्जर विद्यालय भवनों को ध्वस्त कर आवश्यकतानुसार चहारदीवारी बनवाने पर भी जोर दिया।



जिला स्वच्छता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार।

सौभाग्य महोत्सव के पहले दिन 17 स्थानों पर लगे मेहंदी के स्टॉल

एसएसपी नीरज जादौन सहित अधिकारियों ने किया शुभारंभ, महिलाओं को मिली मेहंदी की सुविधा

अलीगढ़।

रोजगार भारती हरिगढ़ विभाग की ओर से करवा चौथ के अवसर पर आयोजित सौभाग्य महोत्सव के तहत मंगलवार को शहर में 17 स्थानों पर विशेष मेहंदी स्टॉल लगाए गए। स्वर्ण जयंती नगर स्थित एनएस-4 सैलून और एडीए मंदिर पर एसएसपी नीरज जादौन, एसपी सिटी सहित अधिकारियों ने फीता काटकर और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर स्टॉलों का शुभारंभ किया।इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सुविधाजनक स्थानों पर मेहंदी की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय रोजगार और स्वदेशी भावना को बढ़ावा देना है। 'स्वदेशी हो रोजगार, विकसित भारत के लिए रोजगार' संदेश के साथ यह आयोजन 27 और 28 अक्टूबर को किया जा रहा।इस अवसर पर एसीएम द्वितीय परितोष मिश्रा, सीडीओ योगेंद्र कुमार, प्रवीण मंगला, रोजगार भारती के विभाग संयोजक गौरव हरकुट, सह विभाग संयोजक रवेंद्र चौधरी, अखंड प्रताप सिंह, रुचि गोटेवाल, दीपू शर्मा, विशाल देशभक्त और टीकम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आज भी निर्धारित स्थानों पर मेहंदी स्टॉल लगाए जाएंगे।



मेहंदी स्टॉलों का शुभारंभ करते एसएसपी नीरज जादौन

एक ही छत के नीचे मिलेगी निःशुल्क कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं की जानकारी

एक नवंबर को कान्हा वन गेस्ट हाउस में लगेगा वृहद विधिक जागरूकता शिविर

अलीगढ़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक नवंबर को सुबह दस बजे से आगरा रोड स्थित कान्हा वन गेस्ट हाउस में वृहद विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें आमजन को निःशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत, कानूनी अधिकारों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।शिविर की तैयारियों को लेकर विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी प्रतिभा सक्सेना की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय के पुस्तकालय सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव साक्षी गर्ग ने अधिकारियों को विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं, पात्रता और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी देने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। अधिकारियों को लाभार्थियों की लंबित सूचियां प्राथमिकता से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में एडीएम वित्त प्रमोद कुमार, एसीएम परितोष मिश्रा, सहायक नगर आयुक्त तपस्या यादव, सीएमओ डॉ. आर.एन. सिंह, डीडीओ सुभाष नेमा, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



विधिक जागरूकता शिविर की जानकारी देतीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव साक्षी गर्ग।

दो स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक किए हासिल

औरंगाबाद। ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तृतीय गौतमबुद्ध नगर जिला स्केटिंग चैंपियनशिप 2026-27 में आरके पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 पदक जीते।

इनमें दो स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में आदर्श ने दो स्वर्ण पदक, प्रियांशु कौशिक ने एक स्वर्ण व एक कांस्य, अरहान ने दो रजत, तनिष्क भड़ाना ने एक रजत व एक कांस्य, जय ने एक रजत व एक कांस्य, जबकि दक्ष चौधरी और इशिका ने दो-दो कांस्य पदक जीते। विद्यालय प्रबंधक शाहिद अली और प्रधानाचार्य नगेंद्र सिंह ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने स्केटिंग कोच वंश के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और एकाग्रता विकसित करते हैं। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों, कोच और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।

महर्षि वाल्मीकि को जयंती पर हवन-पूजन कर किया नमन



महापौर प्रशांत सिंघल और शहर विधायक मुक्ता राजा का फूल माला से स्वागत करते संदेश राज व अन्य।

अलीगढ़

महर्षि वाल्मीकि महोत्सव मेला समिति के संस्थापक संयोजक एवं भाजपा नेता संदेश राज के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अचल ताल स्थित आर्य समाज मंदिर के प्रदेश कार्यालय में हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महापौर प्रशांत सिंघल और शहर विधायक मुक्ता राजा ने यज्ञ में पूर्णाहुति देकर महर्षि वाल्मीकि को नमन किया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के विचारों को याद करते हुए समाज में सद्भाव, समानता और मानवता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर गुरबख्श सिंह बक्शी, बिल्लू पाराशर, मनोज श्रोत्रिय, भूपेंद्र लवानिया, सुनील चंदेल, बलराम सहाय, अमित चौहान, अश्वनी अग्निहोत्री, सचिन राज, पंकज शर्मा, कविता करमचंदानी, स्नेहा शर्मा, सोनिका सिंह, पूनम शर्मा, मिंटू डाकोर, ए.के. शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, प्रताप वाल्मीकि और कमल राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महापौर प्रशांत सिंघल और शहर विधायक मुक्ता राजा ने दी पूर्णाहुति

कलक्ट्रेट पर भाकियू ने बोला हल्ला, किसानों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

बुलन्दशहर। विभिन्न समस्याओं का समाधान न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने कलेक्ट्रेट गेट पर जमकर प्रदर्शन किया। किसान नेता गुड्डू प्रधान ने जिलाधिकारी समेत प्रशासनिक अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान होने तक किसान धरने पर बैठे रहेंगे, जरूरत पड़ी तो गिरफ्तारी भी देंगे।किसानों ने गंगा एक्सप्रेसवे को एयरपोर्ट से जोड़ने वाले हाईवे के लिए जमीन लेने, सिंभावली और बृजनाथ शुगर मिल पर बकाया गन्ना भुगतान सहित विभिन्न समस्याएं उठाईं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की।

खेड़ा सत्तू में दो पक्षों में मारपीट 23 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

खैर।

कोतवाली के हलका पलाचांद क्षेत्र के गांव खेड़ा सत्तू में रास्ते से हटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में चले लाठी डंडों में कई लोग चोटिल हो गए। दोनों पक्षों की ओर से दर्ज रिपोर्ट में 23 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एक पक्ष की ओर से सचिन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह आकाश और सुमित के साथ मैक्स गाड़ी से खेत से चारा लेने जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही सौरव, सचिन, गुलशन, रणवीर, सतीश, राहुल, प्रदीप, वतन, ललित और विजय खड़े थे। आरोप है कि हॉर्न बजाने के बावजूद रास्ते से नहीं हटे। दोबारा हॉर्न बजाने पर सभी ने एकजुट होकर उनके साथ मारपीट की। इस दौरान उन्हें चोटें आईं और पुलिस को सूचना देने के प्रयास में उनका मोबाइल भी कहीं गिर गया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सतीश चंद्र का आरोप है कि 26 अक्टूबर की सुबह दीपक कुमार, सुमित कुमार, राकेश, आकाश, विकास, जुगेंद्र, विजेंद्र, सौरभ, हरपाल, मणिलाल उर्फ बागड़ी, सतीश, जीतू और सचिन सहित अन्य लोग लाठी-डंडे, सरिया, लाइसेंसी बंदूक और अवैध हथियार लेकर घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने सतीश चंद्र, उनके बेटे सौरभ, बेटी सोनिया और भतीजे गुलशन के साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने जातिसूचक शब्द कहने, जान से मारने की धमकी देने, बेटी के साथ छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ने और मोबाइल ले जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने चोटिलों का सीएचसी में डाक्टरी मुआयना कराया है। मामले में सीओ खैर अभिषेक पटेल ने बताया कि दोनों पक्षों में रास्ते से हटने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

चेयरमैन संजय शर्मा ने की रामलीला सुपर कमेटी के चुनाव की मांग

आमसभा की सहमति से होंगे चुनाव-पंकज रावत

खैर

नगर पालिका परिषद खैर के चेयरमैन संजय शर्मा ने मंगलवार को रामलीला सुपर कमेटी खैर के अध्यक्ष पंकज रावत से उनके आवास पर मुलाकात कर कमेटी के चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

चेयरमैन संजय शर्मा ने कहा कि कई वर्ष बीत जाने के बाद भी सयुपर कमेटी के चुनाव नहीं हुए हैं, ऐसे में चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जानी चाहिए। जिससे पारदर्शिता बनी रहे। इस पर कमेटी के अध्यक्ष पंकज रावत ने कहा कि सुपर कमेटी खैर की ऐतिहासिक रामलीला की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और परिसर के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने चेयरमैन को आश्वस्त करते हुए कहा कि खैर के सम्मानित दानदाताओं के सहयोग से रामलीला परिसर में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। परिसर में टीन शेड लगवाने के साथ नवीन श्रृंगार भवन का निर्माण और पुराने भवन का जीर्णोद्धार, मैदान की चाहरदीवारी का उच्चीकरण कराया जा चुका है। इसके अलावा भी कई विकास कार्य अभी प्रस्तावित हैं, जिनमें मुख्य रूप से चेयरमैन संजय शर्मा के सहयोग से महिला बाड़े में टीन शेड का निर्माण कराया जाना भी शामिल है। पंकज रावत ने कहा कि प्रस्तावित विकास कार्य पूरे होने के उपरांत साधारण सभा की सहमति और मंशा अनुरूप कमेटी का चुनाव कराया जाएगा।



सुपर कमेटी के अध्यक्ष पंकज रावत को मांग पत्र सौंपते चेयरमैन संजय शर्मा।

सुभाषितम्

सुभाषितः सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात ब्रूयान्नब्रूयात् सत्यंप्रियम्।
प्रियं च नानृतम् ब्रुयादेषः धर्मः सनातनः।।

सत्य कहो किन्तु सभी को प्रिय लगने वाला सत्य ही कहो, उस सत्य को मत कहो जो सर्वजन के लिए हानिप्रद है, (इसी प्रकार से) उस झूठ को भी मत कहो जो सर्वजन को प्रिय हो, यही सनातन धर्म है।

संपादकीय

एथेनॉल क्रांति की राह में अवसर भी, चुनौतियां भी

भारत में पेट्रोल के विकल्प के रूप में एथेनॉल को बढ़ावा देने की पहल अब एक नए चरण में पहुंचती दिखाई दे रही है। केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में ई 85 और ई 100 ईंधन के इस्तेमाल को मंजूरी देने का उद्देश्य केवल वैकल्पिक ईंधन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाना, किसानों के लिए बाजार बढ़ाना और परिवहन क्षेत्र के उत्सर्जन को कम करना भी है। लेकिन किसी नीति की सफलता उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि आम नागरिक को मिलने वाले वास्तविक लाभ से तय होती है। सामान्य पेट्रोल कारों और फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के बीच बुनियादी अंतर उनके इंजन, ईंधन प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक नियंत्रण में होता है। एथेनॉल में पेट्रोल की तुलना में प्रति लीटर ऊर्जा कम होती है, इसलिए समान दूरी तय करने के लिए इसकी खपत अधिक हो सकती है। इसकी रासायनिक प्रकृति के कारण इंजन के कुछ पुर्जों, सील, पाइप और ईंधन प्रणाली को भी विशेष रूप से तैयार करना पड़ता है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन पेट्रोल और एथेनॉल के अलग-अलग अनुपात वाले मिश्रण पर चलने के लिए डिजाइन किए जाते हैं। इसलिए ई 100 की मंजूरी का अर्थ यह नहीं है कि मौजूदा पेट्रोल या ई 20 वाहन भी सीधे इस ईंधन पर चलने लगेंगे। इस फैसले का सबसे बड़ा संभावित लाभ विदेशी मुद्रा की बचत है। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। यदि घरेलू स्तर पर उत्पादित एथेनॉल पेट्रोल की जगह लेता है, तो आयात बिल पर दबाव कम हो सकता है। गन्ना, मक्का और अन्य उपयुक्त कृषि स्रोतों से एथेनॉल उत्पादन बढ़ने पर किसानों और प्रसंस्करण उद्योग को भी नया बाजार मिल सकता है। साथ ही एथेनॉल में जैविक कार्बन होने के कारण जीवन-चक्र के आधार पर उत्सर्जन घटाने की संभावना रहती है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी महत्वपूर्ण है। एथेनॉल की कम ऊर्जा क्षमता के कारण वाहन का माइलेज घट सकता है। यदि ईंधन की कीमत में इस अंतर का हिसाब नहीं रखा गया, तो उपभोक्ता को आर्थिक लाभ के बजाय अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ सकता है। इसके अलावा, गन्ने और मक्का जैसी फसलों के लिए अधिक पानी, जमीन और कृषि संसाधनों की जरूरत पड़ सकती है। खाद्य उत्पादन, भूजल और पर्यावरण पर दबाव से बचने के लिए उत्पादन नीति का वैज्ञानिक होना जरूरी है। विदेशों का अनुभव भारत के लिए उपयोगी सबक प्रस्तुत करता है। अमेरिका में सामान्य पेट्रोल में प्रायः 10 प्रतिशत एथेनॉल यानी ई 10 मिलाया जाता है, जबकि ई 85 का उपयोग विशेष फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों में होता है। ब्राजील ने 1 अगस्त 2025 से सामान्य पेट्रोल में एथेनॉल का अनिवार्य अनुपात बढ़ाकर 30 प्रतिशत यानी ई 30 कर दिया। वहां फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तकनीक लंबे समय से प्रचलित है और कुछ वाहन हाइड्रेटेड एथेनॉल पर भी चल सकते हैं।

पाती

एआई की प्रगति, रोजगार पर संकट

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक के विस्तार को विकास की नई क्रांति माना जा रहा है, लेकिन इसके साथ रोजगार का संकट भी गहराता जा रहा है। माइक्रोसॉफ्ट जैसी विश्वस्तरीय कंपनी में 60 हजार कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का विकल्प देना इस चुनौती का गंभीर संकेत है। कंपनी का तर्क है कि एआई और नई प्रणालियों पर बढ़ते खर्च के बीच कर्मचारियों की संख्या घटाना आवश्यक है, लेकिन सवाल यह है कि तकनीकी प्रगति की कीमत आखिर कौन चुकाएगा? कर्मचारियों को मुआवजा देकर विदा करना मानवीय संवेदना का विकल्प नहीं हो सकता। नौकरी खोने वाले हजारों परिवारों की आर्थिक सुरक्षा, भविष्य और सामाजिक प्रतिष्ठा भी दांव पर लगती है। भारत जैसे युवा आबादी वाले देश के लिए यह चिंता और बड़ी है, क्योंकि तकनीक आधारित रोजगार लाखों युवाओं की आकांक्षाओं का आधार हैं। एआई का उद्देश्य मनुष्य की क्षमता बढ़ाना होना चाहिए, उसे अप्रासंगिक बनाना नहीं। कंपनियों को कर्मचारियों का कौशल विकास और पुनर्नियोजन प्राथमिकता बनाना चाहिए। सरकार को भी ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जो नवाचार और रोजगार के बीच संतुलन कायम रखें। तकनीक तभी वरदान है, जब विकास के लाभ सबको मिलें, बेरोजगारी का बोझ केवल कर्मचारियों पर न पड़े।

■ मुकेश सक्सेना

आज का इतिहास

- 1947 : जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय – महाराजा हरि सिंह ने अक्टूबर 1947 में जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। भारत ने 27 अक्टूबर को इसे स्वीकार किया।
- 1950 : मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना – मदर टेरेसा ने कोलकाता में गरीबों, बीमारों, अनाथों और असहाय लोगों की सेवा के उद्देश्य से मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना की।
- 1886 : स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी का अनावरण – अमेरिका के न्यूयॉर्क हार्बर में फ्रांस की ओर से उपहार में दी गई स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी का आधिकारिक अनावरण हुआ।
- 1891 : जापान में विनाशकारी भूकंप – जापान में आए भीषण भूकंप में हजारों लोगों की जान चली गई।
- 1922 : इटली में फासीवादी सत्ता का उदय – बेनिटो मुसोलिनी के नेतृत्व में फासीवादियों ने रोम मार्च किया। इसके बाद मुसोलिनी को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।
- 1962 : क्यूबा मिसाइल संकट का समाधान – सोवियत नेता निकिता ख्रुश्चेव ने क्यूबा से सोवियत मिसाइलें हटाने की घोषणा की, जिससे अमेरिका और सोवियत संघ के बीच परमाणु युद्ध का खतरा टल गया।
- 2002 : अंतरराष्ट्रीय एनिमेशन दिवस – 28 अक्टूबर को पहली बार अंतरराष्ट्रीय एनिमेशन दिवस मनाया गया।
- 2009 : पाकिस्तान के पेशावर में बम विस्फोट – भीषण बम विस्फोट में 100 से अधिक लोगों की मौत हुई और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए।

तेरह करोड़ का शोर, जनता का साथ नहीं

जनसमर्थन का अभाव आरोप को गलत सिद्ध नहीं करता, जैसे रैली की भीड़ किसी दावे को सही नहीं बनाती। लेकिन तेरह करोड़ मतदाताओं के अधिकार छिनने के दावे के लिए ठोस प्रमाण चाहिए। गड़बड़ी कहां हुई, कितने पात्र मतदाताओं के नाम गलत हटे और उनके अधिकार बहाल करने के लिए क्या किया जा रहा है - विपक्ष को बताना होगा।



■ के. के. उपाध्याय

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के हलफनामे ने उठाए नए सवाल। राहुल गांधी की रामलीला मैदान रैली के जवाब में भाजपा ने उतारे मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री।

तेरह करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाने का दावा विपक्ष की राजनीति का केंद्रीय मुद्दा है, लेकिन सवाल है कि इस कथित अन्याय के विरोध में देशभर में अपेक्षित जनाक्रोश क्यों नहीं दिखता? राहुल गांधी और विपक्षी दल विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को मताधिकार पर हमला बताकर चुनाव आयोग पर लोकतंत्र कमजोर करने का आरोप लगा रहे हैं। आरोपों की गंभीरता के साथ प्रमाणों की विश्वसनीयता भी जरूरी है।

जनसमर्थन का अभाव आरोप को गलत सिद्ध नहीं करता, जैसे रैली की भीड़ किसी दावे को सही नहीं बनाती। लेकिन तेरह करोड़ मतदाताओं के अधिकार छिनने के दावे के लिए ठोस प्रमाण चाहिए। गड़बड़ी कहां हुई, कितने पात्र मतदाताओं के नाम गलत हटे और उनके अधिकार बहाल करने के लिए क्या किया जा रहा है - विपक्ष को बताना होगा।

चुनाव आयोग का हलफनामा और उठते सवाल

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा है कि एसआईआर से संबंधित तीन प्रमुख आदेश मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की सर्वसम्मति से जारी हुए थे। ये आदेश 24 जून 2025, 27 अक्टूबर 2025 और 14 मई 2026 को जारी किए गए। आयोग का पक्ष उन समाचार रिपोर्टों के संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जिनमें दावा किया गया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने अन्य आयुक्तों की आपत्तियों के बावजूद निर्णय लिए।

आयोग के अनुसार, फाइलों पर दर्ज टिप्पणियां और आंतरिक विचार-विमर्श अंतिम निर्णय नहीं होते। निर्णय निर्धारित प्रक्रिया और आवश्यक अनुमोदन के बाद लिए जाते हैं। हलफनामे में यह भी कहा गया है कि कार्य-विभाजन संबंधी एक आंतरिक आदेश पर आयुक्तों ने आपत्ति की थी, लेकिन उसे लागू नहीं किया गया। आयोग का तर्क है कि इसे एसआईआर के प्रमुख आदेशों में असहमति का प्रमाण नहीं माना जा सकता।

यहां दो बातें अलग-अलग समझना आवश्यक है। पहली, आयोग ने हलफनामे में क्या पक्ष रखा है; दूसरी, न्यायालय उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर क्या निष्कर्ष निकालता है। हलफनामा आयोग का आधिकारिक जवाब है, न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं। इसलिए न इसे सभी सवालों का अंतिम उत्तर मानना उचित है, न आरोपों को बिना परीक्षण सत्य घोषित करना।

मतदाता सूची की शुद्धता और अधिकार

मतदाता सूची का पुनरीक्षण आवश्यक प्रक्रिया है। इसमें मृत व्यक्तियों के नाम हटाना, दोहरी प्रविष्टियों की पहचान करना और स्थानांतरित लोगों के विवरण सुधारना शामिल है। लेकिन किसी पात्र नागरिक का नाम गलत हटना गंभीर चूक है। दोनों स्थितियों में अंतर जरूरी है।

आयोग की जिम्मेदारी सूची को त्रुटिरहित बनाने के साथ प्रत्येक पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रखना है। गलत तरीके से नाम हटने पर शिकायत का त्वरित समाधान हो। विपक्ष संबंधित क्षेत्रों, मामलों की संख्या और प्रमाणों के साथ अपनी बात रखे, ताकि समस्या की व्यापकता स्पष्ट हो।

आयोग ने कहा है कि फॉर्म-6 में संशोधन नहीं किया गया और एसआईआर में इस्तेमाल किए जा रहे अतिरिक्त घोषणा-पत्र को उससे अलग बताया है। इस विवाद का समाधान वास्तविक प्रपत्रों, निर्धारित नियमों और उनके व्यावहारिक उपयोग की जांच से ही संभव है। किसी प्रक्रिया को केवल उसके नाम या आशंका के आधार पर सही अथवा गलत नहीं ठहराया जा सकता। नागरिकों के अधिकार राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप नहीं, ठोस कार्रवाई मांगते हैं।

समाचार रिपोर्ट और न्यायिक प्रमाण

समाचार माध्यमों का दायित्व संस्थाओं से सवाल पूछना, निर्णयों की पड़ताल करना और महत्वपूर्ण जानकारियां सामने लाना है। रिपोर्ट जांच का आधार बन सकती है, लेकिन उसमें सामने आई जानकारी और न्यायिक रूप से स्थापित तथ्य एक नहीं हैं।

यदि किसी रिपोर्ट में चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद की बात कही गई है, तो उसका परीक्षण संबंधित दस्तावेजों और आधिकारिक जवाबों से होना चाहिए। आयोग का हलफनामा भी जांच से परे नहीं है। स्वतंत्र पड़ताल और न्यायिक परीक्षण ही विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं। न समाचार रिपोर्टों को बिना जांच अंतिम सत्य मानना उचित है, न संस्थागत जवाब को सवालों से ऊपर रखना।

राहुल गांधी की राजनीति और कांग्रेस की चुनौती

राहुल गांधी एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली करने जा रहे हैं। कांग्रेस और सहयोगी दल एसआईआर विरोध को लोकतंत्र बचाने की लड़ाई बता रहे हैं और इसे देशव्यापी आंदोलन बनाना चाहते हैं। इसकी सफलता नारों और भीड़ से नहीं, प्रमाणों और मतदाताओं की समस्याओं के समाधान के उपायों से तय होगी।

कांग्रेस के सामने आंतरिक लोकतंत्र की चुनौती भी है। मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू की राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका रही, लेकिन स्वतंत्रता के बाद पार्टी का नेतृत्व बार-बार नेहरू-गांधी परिवार के आसपास केंद्रित हुआ। ऐसे में राहुल गांधी की लोकतंत्र संबंधी दलीलों के साथ उनकी पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। राजनीतिक विरासत अवसर दे सकती है, विश्वसनीयता जनता के विश्वास से ही मिलती है।

भाजपा का जवाब और लोकतंत्र की कसौटी

कांग्रेस की रैली के जवाब में भाजपा भी देशव्यापी अभियान की तैयारी कर रही है। पार्टी पदयात्राओं और जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से अपना पक्ष रखेगी। एक नवंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में कार्यक्रम करेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य नेताओं की भागीदारी की भी योजना है। भाजपा ने अभियान को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' नाम दिया है।

इस राजनीतिक मुकाबले में दोनों पक्षों के दावों की कसौटी तथ्य होने चाहिए। विपक्ष को आरोपों के प्रमाण देने होंगे और भाजपा को भी केवल राजनीतिक प्रतिवाद से संतुष्ट नहीं होना चाहिए। चुनाव आयोग के कामकाज पर उठे सवालों का जवाब पारदर्शिता और तथ्यों से दिया जाना चाहिए। संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता किसी एक दल की संपत्ति नहीं, बल्कि लोकतंत्र की साझा पूंजी है।

अंततः इस विवाद के केंद्र में कोई राजनीतिक दल या नेता नहीं, बल्कि आम मतदाता है। उसका नाम सूची में होना चाहिए, मताधिकार सुरक्षित रहना चाहिए और शिकायत का समय पर समाधान होना चाहिए। यदि कहीं गड़बड़ी है, तो जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। लेकिन बिना प्रमाण व्यापक आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को कटघरे में खड़ा करना भी उचित नहीं है।

रामलीला मैदान की रैली और भाजपा के जवाबी अभियान से आगे सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि क्या यह संघर्ष वास्तव में मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए है, या संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास को सत्ता तक पहुंचने का राजनीतिक मार्ग बनाया जा रहा है? इसका उत्तर नारों से नहीं, तथ्यों और कार्रवाई से मिलेगा। लोकतंत्र की मजबूती जनता के विश्वास में है। यह विश्वास तभी कायम रह सकता है, जब संस्थाएं जवाबदेह हों, राजनीतिक दल प्रमाणों के आधार पर बात करें और मतदाता का अधिकार सर्वोपरि रहे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

धर्म की भारतीय अवधारणा

भारतीय परंपरा में धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ या व्यक्तिगत उपासना तक सीमित नहीं है। यह वह शाश्वत सिद्धांत है जो समाज और सृष्टि को व्यवस्थित रखता है और टूटने नहीं देता। शास्त्रों में कहा गया है- 'धरति लोकान् इति धर्मः।' धर्म वह है जो लोकों को धारण करता है। महर्षि व्यास ने धर्म के दस लक्षण बताए हैं- धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इंद्रिय निग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध। ये लक्षण बताते हैं कि धर्म का संबंध आचरण, संयम, सत्य और न्याय से है। जो व्यक्ति रोज पूजा करता है, किंतु व्यवहार में विनम्रता, सच्चाई और न्याय का अभाव रखता है, उसे धार्मिक नहीं कहा जा सकता।



■ डॉ. हरिशंकर सिंह कंसाना

धर्म का सार एक सरल नैतिक सूत्र में निहित है- 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्।' जो व्यवहार हमें अपने लिए अच्छा न लगे, वैसा दूसरों के साथ न करें। यह सूत्र व्यक्ति और समाज दोनों के लिए समान रूप से लागू होता है। भारतवर्ष की चिति में धर्म का सीधा संबंध कर्म और कर्तव्य से है। जैसे अग्नि का धर्म ऊष्मा देना है और जल का धर्म शीतलता प्रदान करना है, वैसे ही मनुष्य का धर्म मानवता, सत्य और कर्तव्य का पालन करना है। राजधर्म, पितृधर्म और पुत्रधर्म इसी व्यापक कर्तव्यबोध के रूप हैं। भारत की बहुलता, समरसता और प्रकृति के साथ तालमेल इसी धर्म-दृष्टि से संभव होता है।

स्वतंत्रता के पश्चात 1970 के दशक में 'सेकुलर स्टेट' शब्द राज्य के आदर्श वाक्य के रूप में उभरा। मूल संविधान में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द नहीं था; इसे 1976 के 42वें संविधान संशोधन द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया। पश्चिमी यूरोप में धर्मनिरपेक्षता का अर्थ राज्य और धर्म का कड़ा अलगाव है। इसकी जड़ें चर्च, राजा और सामंतों के बीच सदियों चले सत्ता संघर्ष में हैं। तीस वर्षीय युद्ध की विभीषिका के बाद 1648 में वेस्टफेलिया की संधि हुई, जिसने संप्रभु राष्ट्र-राज्य की नींव रखी और बाहरी धार्मिक सत्ता के हस्तक्षेप को अस्वीकार किया। भारत में ऐसा कोई ऐतिहासिक संघर्ष नहीं रहा। इसलिए पश्चिमी 'सेकुलर' अवधारणा को भारतीय संदर्भ में बिना समझे लागू करना तात्विक भूल है। भारतीय दृष्टि में सर्वधर्म संभाव- सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान- अधिक उपयुक्त है।



भारतीय दर्शन में संपूर्ण संसार ईश्वर की अभिव्यक्ति माना जाता है। 'एकम् सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' कहकर सभी मतों को स्वीकृति दी गई है। धर्म मनुष्य को नैतिक संहिता देता है, जीवन का उद्देश्य खोजने में सहायता करता है और दुखों से उबरने का संबल प्रदान करता है। आवश्यकता पड़े तो धर्म की रक्षा के लिए प्राण त्यागने को भी श्रेष्ठ माना जाता है। रामायण और महाभारत के युद्ध धर्मयुद्ध थे। उनमें निहत्थे पर वार न करने, शरण में आए की रक्षा करने और निश्चित समय का पालन करने जैसे नियम थे। हिंसा को साध्य नहीं, अंतिम विकल्प माना गया।

भारतीय इतिहास में धर्म और मर्यादा को जीवन में उतारने के अनेक उदाहरण मिलते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना जब कल्याण के सूबेदार की बहु को बंदी बनाकर उनके समक्ष प्रस्तुत करती है, तो वे क्रोधित हो जाते हैं। उस स्त्री से क्षमा मांगते हैं, उसे माता समान मानकर आदर और उपहारों सहित सुरक्षित भेज देते हैं। महाराणा प्रताप कहते थे- 'जो दृढ़ राखे धर्म को, तिही राखे करतार।' अपने घोड़े चेतक को परिवार के सदस्य की तरह मानकर उसके चेहरे पर हाथी की सूंड का मुखौटा लगवाते हैं, ताकि युद्ध में उसकी रक्षा हो सके। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जब अपने पुत्र मालेराव को दोषी पाकर निष्पक्ष न्याय के लिए मृत्युदंड देती हैं, तब उनका व्यक्तिगत धर्म न्यायप्रियता के रूप में प्रकट होता है। ऐसे शासकों के जीवन-मूल्यों से भारत के राष्ट्रधर्म की पहचान होती है।

भारतीय चिंतन में त्याग और बलिदान को सर्वोच्च मूल्य माना गया है। ईशावास्योपनिषद कहता है- 'तेन त्यक्तेन भुंजीथा।' संसार का भोग त्याग-भाव से करो। वास्तविक त्याग वस्तुओं का नहीं, 'मैं' और 'मेरा' के भाव का है। स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में कहा था कि उन्हें उस धर्म पर गर्व है जिसने दुनिया को सहनशीलता और सार्वभौमिक स्वीकृति सिखाई। भारत केवल सहनशीलता नहीं, बल्कि सभी धर्मों को सत्य मानने की दृष्टि रखता है।

भारतीय जीवनशैली में आतिथ्य सत्कार, गुरु-शिष्य परंपरा, बड़ों का आदर, ग्राम्य संस्कृति का पारिवारिक भाव और परोपकार की भावना गहरी जड़ें जमाए हुए हैं। ये मूल्य संविधान में लिखित रूप में नहीं हैं, किंतु संस्कृति में इतने रचे-बसे हैं कि अलग से उल्लेख की आवश्यकता नहीं पड़ती। सत्य को सिद्ध करने के लिए बहुमत की जरूरत नहीं होती, उसी प्रकार धर्म को प्रमाणित करने के लिए जनमत संग्रह की आवश्यकता नहीं। धर्म अनादिकाल से समाज के नियमों का संरक्षण कर रहा है। तैत्तिरीय उपनिषद का निर्देश आज भी प्रासंगिक है- 'सत्यं वद धर्मं चर स्वाध्यायान्मा प्रमदः।' सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो और स्वाध्याय में प्रमाद मत करो।

यही धर्म की भारतीय अवधारणा है- व्यापक, कर्तव्य-केंद्रित, समरसतापूर्ण और जीवन के हर क्षेत्र में आचरण के रूप में प्रकट होने वाली। यह किसी एक पंथ या उपासना पद्धति तक सीमित नहीं, बल्कि समष्टि के कल्याण और सृष्टि के साथ तालमेल की वह जीवंत शक्ति है जो भारत की चिति को परिभाषित करती है।

(लेखक राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक हैं)

सांस्कृतिक वैभव का अनुपम प्रतीक है सूर्य मंदिर



गुजरात का प्राचीन ग्राम मोढेरा अपने भव्य सूर्य मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। चालुक्य वंश द्वारा निर्मित यह मंदिर भारतीय स्थापत्य कला, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक वैभव का अनुपम प्रतीक है। इसकी कलात्मक संरचना अतीत की गौरवशाली परंपराओं की सजीव झलक प्रस्तुत करती है। ऐतिहासिक अवशेषों और प्राचीन मान्यताओं से समृद्ध मोढेरा भारतीय इतिहास, शिल्पकला और विरासत में रुचि रखने वालों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है।

सोशल मीडिया से ... X

- भारत सरकार जानवरों पर होने वाले प्रयोगों के नियमों में बदलाव करने जा रही है, इसका ड्राफ्ट जारी किया गया है और 5 नवंबर तक जनता से राय मांगी गई है। इस ड्राफ्ट में कई बातें हैरान करने वाली हैं। अब तक हमारे देश में जानवरों पर कॉस्मैटिक टेस्टिंग बैन हैं, लेकिन नए नियमों के मुताबिक इसकी इजाजत मिल सकती है।

■ रजत शर्मा, पत्रकार


- इजराइल में हनुमान चालीसा के प्रति बढ़ता उत्साह, तेल अबीब के सागर तट पर हजारों यहूदियों ने गायी हनुमान चालीसा। भारत में इजराइल का अंधविरोध करने वाले भारत मित्रों को नहीं पहचानते।

■ तरुण विजय

- 'मोदी कहीं नहीं जाएगा...' क्योंकि मोदी जी ऐसे नेता हैं, जिनके लिए देश सर्वोपरि है, देश के अलावा कुछ नहीं! मोदी जी के कई फैसले ऐसे थे, जो उलटे पड़ते तो कहीं के नहीं रहते। मगर उन्होंने देशहित में फैसले लिए। 'मेरा जो होगा, वो होगा। जनता नहीं स्वीकार करेगी तो देखा जाएगा। ज्यादा से ज्यादा क्या होगा? प्रधानमंत्री बदल जाएगा। अगर सफल हुए तो देश आगे बढ़ जाएगा।' ईश्वर की कृपा साहसी लोगों के साथ होती है। देश ही आगे बढ़ा है।

■ प्रो. राकेश सिन्हा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ''इंडिपेंडेंट भारत'' स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक जगदीश शर्मा, शर्मा प्रिन्टिग प्रेस रामपुर बगहा पो० लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर उ० प्र० 274306 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
मोबाईल न०-90261 11001 संपादक जगदीश शर्मा प्रबंध संपादक मयंक कुमार सिंह Title code-UPHIN49987 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर होगा।



विनोद मेहराः हिंदी सिनेमा के सदाबहार अभिनेता

शुरुआती जीवन और फिल्मी सफर

विनोद मेहरा हिंदी सिनेमा के उन प्रतिभाशाली अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अपनी सादगी, आकर्षक व्यक्तित्व और स्वाभाविक अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उनका जन्म 13 फरवरी 1945 को अमृतसर, पंजाब में हुआ था। बचपन से ही उनका झुकाव फिल्मों की ओर था। उन्होंने बहुत कम उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी पहचान बनाई।

बाल कलाकार से अभिनेता तक

विनोद मेहरा ने बाल कलाकार के रूप में भी काम किया था। वर्ष 1958 में आई फिल्म 'रागिनी' में उन्होंने किशोर कुमार के बचपन की भूमिका निभाई थी। बाद में उन्होंने बतौर मुख्य अभिनेता अपनी पहचान बनाई। 1971 में रिलीज हुई फिल्म 'एक थी रीटा' उनके शुरुआती प्रमुख अभिनय कार्यों में शामिल थी। उनकी सहज अदाकारी और पर्दे पर आकर्षक उपस्थिति ने फिल्म निर्माताओं का ध्यान खींचा।

यादगार फिल्में और शानदार अभिनय

विनोद मेहरा ने अपने करियर में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया। अनुराग, लाल पत्थर, नागिन, घर, दादा, अनुरोध, अमर दीप और बेमिसाल उनकी चर्चित फिल्मों में शामिल हैं। उन्होंने रोमांटिक भूमिकाओं के साथ-साथ गंभीर और भावनात्मक किरदार भी निभाए। उनकी अभिनय शैली में सहजता थी, जो दर्शकों को उनसे जोड़ती थी।

निजी जीवन

विनोद मेहरा का निजी जीवन भी कई उतार-चढ़ाव से गुजरा। उनकी पत्नी किरण मेहरा थीं। उनके दो बच्चे, सोनिया मेहरा और रोहन मेहरा, हैं। सोनिया ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा, जबकि रोहन भी बॉलीवुड फिल्मों में नजर आए। विनोद मेहरा अपने सरल स्वभाव और विनम्र व्यक्तित्व के लिए फिल्म जगत में याद किए जाते हैं।

निधन और अमर विरासत

30 अक्तूबर 1990 को मात्र 45 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से विनोद मेहरा का निधन हो गया। उनके निधन से हिंदी सिनेमा ने एक प्रतिभाशाली अभिनेता खो दिया। उनकी अधूरी फिल्म 'गुरुदेव' 1993 में रिलीज हुई। आज भी उनकी फिल्में पुराने हिंदी सिनेमा के प्रेमियों को उनकी याद दिलाती हैं। विनोद मेहरा का योगदान भारतीय फिल्म इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

बॉडी शेमिंग करने का किसी को भी हक नहीं PARINEETI

"दुनिया का बड़े से बड़ा या एक्साइटिंग काम आ जाए, अगर उसके लिए मुझे अपने मदरहुड से एक सैकेंड के लिए भी समझौता करना पड़े तो मैं वो नहीं करूंगी। मुझे उसमें कोई रुचि नहीं है, वो चाहे कितना भी बड़ा काम क्यों न हो, क्योंकि मेरा बेटा सब चीजों से ऊपर है।"

अपनी पहली ही फिल्म 'इशकजादे' से लोगों का दिल जीत लेने वाली ऐक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा अब अपनी जिंदगी के एक नए दौर में हैं। प्रोफैशनली, उन्होंने हाल ही में वेब सीरीज 'शकः ट्रस्ट नो वन' से ओटीटी पर कदम रखा है, तो निजी जिंदगी में 11 महीने के बेटे नीर की मम्मी के रूप में जिंदगी का सबसे खुशनुमा रोल निभा रही हैं। मां बनने के बाद परिणीति काम पर दोबारा लौट आई हैं, मगर एक वर्किंग मदर के किरदार को वह बेहद चुनौतीपूर्ण मानती हैं।

मॉम गिल्ट आपको मार देता है

पहली बार बेटे नीर को छोड़कर काम पर जाने के बारे में वह बताती हैं, 'वो मेरी जिंदगी की सबसे मुश्किल फ्लाइट थी। जो गिल्ट मैंने महसूस किया, वो शायद किसी मर्डर के बाद भी महसूस नहीं होता। वो मॉम गिल्ट आपको मार देता है। वैसे तो, जब आप अपने बच्चे के साथ होते हैं तो उसके लिए काम करना चाहते हैं। एक उदाहरण बनना चाहते हैं। आपको उसका रोल मॉडल बनना है और लगता है कि मैं काम करूं, पर उसे छोड़कर काम पर जाने का दर्द मैं बयां नहीं कर सकती। वो इतना मुश्किल होता है, लेकिन आपको इससे ऊपर उठकर सोचना पड़ता है कि काम आपके लिए कितना जरूरी है। मुझे लगता है कि काम या दूसरी चीजें करना मुझे बेहतर और एक संपूर्ण मां बनाती है।'

पति राघव करते हैं एंपावर

परिणीति वर्क-लाइफ बैलेंस में अपने एमपी पति राघव चड्ढा को सबसे बड़ा संबल मानती हैं। वह कहती हैं, 'जब आप एक नई और वर्किंग मां होती हैं, तो आपके पार्टनर की भूमिका बहुत अहम हो जाती है। मेरे पार्टनर (राघव) ने मुझे धक्के मारकर बाहर निकाला कि तुम अब काम शुरू करो, क्योंकि उन्हें पता है कि मेरी इतनी बिजी लाइफ, इतना क्रेजी जॉब था, उसे एकदम से बंद करने से मुझ पर असर पड़ सकता है। इसलिए, उसने मुझे काम करने के लिए प्रेरित किया कि तुम काम करो, मैं तुम्हारे साथ हूं। उसने मुझे एंपावर किया तो अगर मैं काम पर हूं तो वह बच्चे के साथ है। जब वह काम पर होते हैं तो मैं बच्चे के साथ होती हूं। मुझे लगता है कि पैरेंटिंग ऐसी ही होनी चाहिए और हमारा बच्चा जब हमें ऐसे शेयर करते देखेगा तो वो अपनी जिंदगी में भी मजबूत फैसले लेगा।'

बेटे से बढ़कर कोई काम नहीं

हालांकि, वह आगे कहती हैं, 'इन सब बातों के बावजूद एक चीज जरूर कहूंगी कि दुनिया का बड़े से बड़ा या एक्साइटिंग काम आ जाए, अगर उसके लिए मुझे अपने मदरहुड से एक सैकेंड के लिए भी समझौता करना पड़े तो मैं वो नहीं करूंगी। मुझे उसमें कोई रुचि नहीं है, वो चाहे कितना भी बड़ा काम क्यों न हो, क्योंकि मेरा बेटा सब चीजों से ऊपर है।' एक खास बात यह भी है कि सीरीज की शूटिंग के दौरान ही परिणीति को अपने प्रेग्नेंट होने की खुशखबरी मिली थी। इस खूबसूरत इत्तेफाक पर वह कहती हैं, 'लोगों को लगता है कि मदरहुड के चलते मैं शो में मां के किरदार से काफी रिलेट कर रही थी, मगर ऐसा नहीं था, क्योंकि जब मैंने सीरीज शूट की थी तब मुझे बस पता ही चला था कि मैं प्रेग्नेंट हूं। तब तक मदरहुड का ज्यादा अनुभव नहीं था। हां, अब जब मैं ये सीन देख रही हूं तो वो मुझे ज्यादा महसूस हो रहे हैं।'

हमारे वजन पर डेडलाइन क्यों?

परिणीति ने मदरहुड के बाद सोशल मीडिया में कैटरीना कैफ समेत तमाम एक्ट्रेस की होने वाली बॉडी शेमिंग और ट्रोलिंग पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। बकौल परिणीति, 'हमारे वजन पर सवाल करने का किसी को क्या हक बनता है? छोटी-सी चीज है कि जब हम जिम में बॉडी बनाते हैं या सैलून में हेयर कटवाते हैं तो उसे दिखाते हैं ना कि देखो, ये मेरे ऐब्स हैं जो मेरी एक साल की मेहनत है या मेरे बाल छोटे हो गए हैं, तो जब आप एक साल अपनी बॉडी में बच्चा बनाते हैं तो आपके शरीर में उसका कोई प्रूफ नहीं होगा? उसे हम नेगेटिव क्यों बना रहे हैं। अगर आपकी बॉडी में कोई भी बदलाव आया है क्योंकि आपने अपने शरीर में एक इंसान को बनाया है, आपकी बॉडी में वो दिखेगा ही, उस पर कोई कैसे कॉमेंट कर सकता है? कोई और कैसे डेडलाइन तय कर सकता है कि अब इसे घटा या हटा लो, वो चाहे आपकी बॉडी में स्कार आया है, स्ट्रेच मार्क आया है या फैट आया है, वो इसलिए है क्योंकि हमने अपने खून से एक बच्चे को बनाया है, तो दूसरे को इस पर कुछ भी कहने का क्या हक है!'



साहिर लुधियानवी अमर शायर की विरासत



शुरुआती जीवन और साहित्यिक सफर

साहिर लुधियानवी हिंदी फिल्मों के महान गीतकार और उर्दू के मशहूर शायर थे। उनका जन्म 8 मार्च 1921 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उनका असली नाम अब्दुल हई था। उनकी शायरी में प्रेम, दर्द, सामाजिक असमानता और इंसानियत की गहरी झलक मिलती है।

फिल्मी दुनिया में योगदान

साहिर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गीत दिए। प्यासा, कभी कभी, ताजमहल और हम दोनों जैसी फिल्मों के गीत आज भी लोकप्रिय हैं। 'ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है' और 'मैं पल दो पल का शायर हूं' उनकी लेखनी की मिसाल हैं। उन्हें 1964 और 1977 में फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ गीतकार पुरस्कार मिला।

निधन और विरासत

25 अक्तूबर 1980 को मुंबई में साहिर लुधियानवी का निधन हो गया। उनकी रचनाएं आज भी प्रेम, विद्रोह और मानवीय संवेदनाओं की आवाज़ बनी हुई हैं।



सारा को 'उड़ता तीर' से उम्मीदें

बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री सारा अली खान अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर आयुष्मान खुराना लीड रोल में नजर आए हैं। इससे पहले नजर डालिए सारा की हिट और फ्लॉप फिल्मों की एक लिस्ट पर और जानिए क्या हालिया रिलीज फिल्म सारा के करियर ग्राफ को उंचाई दे पाएगा।

पटौदी परिवार से ताल्लुक

सारा अली खान बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री अमृता सिंह की बेटी हैं। सारा का जन्म 12 अगस्त 1995 को हुआ था। वह पटौदी परिवार से ताल्लुक रखती हैं। सारा अली खान ने अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी से इतिहास और राजनीति विज्ञान में डिग्री हासिल की है। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा।

डेब्यू ईयर में दी दो बड़ी फिल्में

साल 2018 में उन्होंने फिल्म 'केदारनाथ' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उनके साथ सुशांत सिंह राजपूत नजर आए थे। फिल्म में उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया और इसके लिए उन्हें फिल्मफेयर का बैस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड भी मिला। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से काफी प्यार मिला था। सुशांत और सारा की जोड़ी को भी काफी सराहा गया था।

'केदारनाथ' के बाद सारा अली खान उसी साल फिल्म 'सिंबा' में नजर आईं। रणवीर सिंह के साथ उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। शुरुआत में ही दो हिट फिल्में देने के चलते सारा चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।

फिर लगा करियर पर ब्रेक

हालांकि इन दो फिल्मों के बाद सारा के करियर को एक बड़ा धक्का लगा। 2020 में कार्तिक आर्यन के साथ आई 'लव आज कल' और वरुण धवन के साथ आई 'कूली नंबर 1' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई और क्रिटिक्स की ओर से भी फिल्म को लेकर नैगेटिव रिव्यू सामने आए।

2018 के 5 साल बाद विक्की कौशल के साथ आई फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' से सारा ने थोड़ी राहत की सांस ली होगी क्योंकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमर्शियली हिट साबित हुई थी, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में केवल एक फिल्म का हिट होना काफी नहीं होता है।

इसके बाद सारा की आई सभी 3 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एवरेज साबित हुई। इनमें- 'स्काई फोर्स', 'मेट्रोः इन दिनों' और 'पति-पत्नी और वो दो' शामिल हैं। इसका मतलब है कि डेब्यू ईयर में दो सफल फिल्में देने के बाद सारा के लिए आने वाला कोई साल खास नहीं रहा। सारा ने इस बीच कई बड़े स्टार्स के साथ काम किया, कई बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं, लेकिन उन्हें वह फिल्म नहीं मिल पाई, जो उनके करियर के लिए माइलस्टोन साबित हो सके।

ओटीटी पर भी आजमाई किस्मत

इस बीच सारा ने अपने करियर में ऐसी फिल्में भी कीं, जो ओटीटी पर रिलीज हुईं। साल 2021 में सारा फिल्म 'अतरंगी रे' में नजर आईं। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और धनुष ने काम किया। फिल्म को दर्शकों से ठीक-ठाक प्यार मिला।

2021 में सारा 'गेसलाइट' फिल्म में नजर आईं, जिनमें उनके साथ विक्रांत मैसी लीड रोल में थे। इसके अलावा इसी साल उनकी एक और मल्टीस्टारर फिल्म 'मर्डर मुबारक' भी आई। दोनों ही फिल्में दर्शकों का ध्यान नहीं खींच पाईं।

अब 'उड़ता तीर' से उम्मीद

अब सारा अली खान को हाल ही में आई फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। 'उड़ता तीर' में आयुष्मान खुराना और सारा अली खान मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन आकाश कौशिक ने किया है।

यह फिल्म एक्शन और कॉमेडी से भरपूर है। फिल्म 23 अक्तूबर को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अब देखना होगा कि क्या उड़ता तीर सारा को फिल्म 'केदारनाथ' जैसी ऊंचाई तक ले जा पाती है या यह भी एक औसत फिल्म बनकर रह जाती है।

सारा की जन्म तिथि व स्थान	चर्चित फिल्में
12 अगस्त, 1995, मुंबई	केदारनाथ, सिंबा
माता-पिता	**हालिया रिलीज फिल्म**
अमृता सिंह-सैफ अली खान	उड़ता तीर

MOVIE REVIEWS

उड़ता तीर ★★★★½



कलाकार: आयुष्मान खुराना , सारा अली खान , राहुल बोस , राम कपूर , मुकुल देव , गुलशन ग्रोवर , सुहैल नैयर , संदीप आनंद , सुप्रिया पिलगांवकर , बृजेंद्र काला और रघुबीर यादव
लेखक: आकाश कौशिक
निर्देशक: आकाश कौशिक
निर्माता: करण जौहर , अदार पूनावाला ,अपूर्व मेहता, गुनीत मोंगा कपूर और

उड़ता तीर एक ऐसी मसालेदार कहानी पेश करती है, जिसमें देशभक्ति के जज्बे के साथ हास्य, गलतफहमियों और अप्रत्याशित ट्विस्ट का दिलचस्प मेल देखने को मिलता है। फिल्म की कहानी लगातार नए मोड़ लेती है और दर्शकों की दिलचस्पी बनाए रखने की कोशिश करती है। इसकी खासियत यह है कि गंभीर परिस्थितियों के बीच भी कॉमेडी के ऐसे पल आते हैं, जो चेहरे पर मुस्कान ले आते हैं। फिल्म में सिचुएशनल कॉमेडी और कॉमेडी ऑफ एरर्स का इस्तेमाल कहानी को मनोरंजक बनाता है। हर परिस्थिति अपने साथ एक नया उलझाव लेकर आती है, जिससे कहानी में हास्य और रोमांच का सिलसिला जारी रहता है। देशभक्ति पर आधारित फिल्मों से अलग अंदाज अपनाने की इसकी कोशिश इसे एक अलग पहचान देती है।

अभिनयः आयुष्मान खुराना और राहुल बोस का दमदार अंदाज

आयुष्मान खुराना एक बार फिर अपनी अलग तरह की फिल्म पसंद और अभिनय से दर्शकों को आकर्षित करते हैं। उनका अंदाज फिल्म की कॉमिक परिस्थितियों के साथ मेल खाता है और किरदार को मनोरंजक बनाने में मदद करता है।

राहुल बोस अपने अलग अंदाज और कॉमिक टाइमिंग से खास प्रभाव छोड़ते हैं। उनकी मौजूदगी फिल्म के हास्य पक्ष को मजबूती देती है और कई दृश्यों में वह दर्शकों का ध्यान खींचते हैं। मुकुल देव और सुहैल नैय्यर समेत अन्य कलाकार भी कहानी को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देते हैं। कलाकारों की प्रतिक्रियाएं और परिस्थितियों के बीच उनकी कैमिस्ट्री फिल्म की कॉमेडी को प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

हमारा फैसला

उड़ता तीर उन दर्शकों के लिए एक मनोरंजक विकल्प हो सकती है, जिन्हें देशभक्ति के साथ कॉमेडी, उलझनों और लगातार आते ट्विस्ट वाली कहानियां पसंद हैं। फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण इसका हल्का-फुल्का अंदाज और हास्य पैदा करने की कोशिश है।

दैनिक सवेरा टाइम्स न्यूज़ मीडिया नेटवर्क इस फिल्म को 4.5 स्टार की रेटिंग देता है। **-फरीद शेख**

'तुम मेरे हो' ★★★★½

कलाकार: गुरमीत चौधरी,ईशा मालवीय,ईशा मालवीय,अनुष्का लुहार और लिलिट दुबे
लेखक: पूरवा नरेश, निरंजन अयंगर, राजेश पटेल, निलेश शर्मा
निर्देशक: आशीष पांडा
निर्माता:देबीना बनर्जी और आरती एस. सिंह (आरती एस)

कुछ प्रेम कहानियां सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि रिश्तों की गहराई और प्यार की ताकत का एहसास भी कराती हैं। गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय की फिल्म 'तुम मेरे हो' रोमांस, जुनून, भावनाओं और मुश्किलों के बीच पनपते रिश्ते की कहानी पेश करती है। इसमें रोमांस के साथ एक्शन, रोमांच और अप्रत्याशित मोड़ों का भी मेल देखने को मिलता है।

गुरमीत चौधरी का दमदार अंदाज



गुरमीत चौधरी अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचते हैं। वह अपने किरदार की भावनाओं को सहजता से पर्दे पर उतारते हैं। रोमांटिक पलों से लेकर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों तक, उनका अंदाज फिल्म को आकर्षक बनाता है।

ईशा मालवीय की बॉलीवुड में शुरुआत

ईशा मालवीय के लिए यह फिल्म खास है, क्योंकि इससे वह बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। गुरमीत के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन जोड़ी कहानी में ताजगी लाती है। उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और भावनात्मक दृश्यों में किया गया अभिनय दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाता है।

रोमांस और एक्शन का मेल

आशीष पांडा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी निरंजन अयंगर और पूर्वा नरेश ने लिखी है। रेवा क्रिएटिव हाउस और डेबगुरु फिल्म्स के निर्माण में बनी यह फिल्म भरोसे, समर्पण और रिश्तों की चुनौतियों को सामने लाती है।

फाइनल वर्डिक्ट

'तुम मेरे हो' प्यार और रिश्तों पर आधारित एक दिलचस्प सिनेमाई पेशकश है। गुरमीत चौधरी का आकर्षक व्यक्तित्व, ईशा मालवीय की नई शुरुआत और रोमांस के साथ रोमांच का तड़का इसे खास बनाते हैं। युवा दर्शकों और रोमांटिक कहानियां पसंद करने वालों के लिए यह फिल्म एक अच्छा विकल्प हो सकती है।

दैनिक सवेरा टाइम्स न्यूज़ मीडिया नेटवर्क इस फिल्म को 4.5 स्टार की रेटिंग देता है।

संक्षिप्त समाचार

अकासा के बेड़े में शामिल हुआ 45वां विमान



नई दिल्ली। नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा के बेड़े में मंगलवार को 45वां विमान शामिल हुआ। एयरलाइंस ने बताया कि पंजीकरण संख्या वीटी-वाईबीयू वाला बोइंग का 737 मैक्स 8-200 विमान आज तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। यह इस साल उसके बेड़े में शामिल होने वाला 14वां विमान है। कंपनी ने कुल 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों के ऑर्डर दिए हैं जिनमें 45 उसके बेड़े में शामिल हो चुके हैं जबकि अन्य 181 अगले छह साल में मिलने हैं। अगस्त 2022 में शुरुआत के बाद महज चार साल में कंपनी देश की तीसरी सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी बन गयी है।

अनूप बागची ने एचडीएफसी बैंक के सीईओ का कार्यभार संभाला



मुंबई। एचडीएफसी बैंक के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनूप बागची ने मंगलवार को पदभार संभाल लिया। उन्होंने शशिधर जगदीशन का स्थान लिया है जो 26 अक्टूबर को सेवामुक्त हुए थे।श्री बागची का कार्यकाल तीन साल का होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने गत 01 अक्टूबर को उनकी नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की थी। इससे पहले वह आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ रह चुके हैं। श्री बागची ने ऐसे समय में कार्यभार संभाला है जब बैंक का शेयर एक साल के निचले स्तर के करीब है। खबर लिखे जाते समय एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.12 प्रतिशत टूटकर 687.40 अंक पर था।

पीएनबी का फैसला 10 नवंबर के बाद बंद होंगे निष्क्रिय खाते



नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने करोड़ों ग्राहकों के लिए एक बेहद अहम सूचना जारी की है, जिसके तहत 10 नवंबर के बाद कुछ निष्क्रिय खातों को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। बैंक ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई उन खातों पर होगी जिनमें पिछले तीन साल से कोई लेनदेन नहीं हुआ है और जिनका बैलेंस भी शून्य है। बैंक का यह कदम वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने और बैंकिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाया गया है। यह नियम केवल उन खातों पर लागू होगा जिनमें 30 सितंबर 2026 तक पिछले लगातार तीन वर्षों कोई वित्तीय या गैर-वित्तीय लेनदेन नहीं हुआ है, और साथ ही खाते में बैलेंस भी शून्य है।

बैंकिंग और आईटी सेक्टर में बिकवाली से टूटा शेयर बाजार

सेंसेक्स 73,598 व निफ्टी 22,749 अंक पर थमा

■ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लिवाली का जोर रहा हालांकि बैंकिंग सेक्टर के दबाव में प्रमुख सूचकांक मामूली गिरावट में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 8.08 अंक (0.01 प्रतिशत) टूटकर 73,598.67 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 3.45 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 22,749.75 अंक पर रहा। सेंसेक्स 122 अंक की गिरावट के साथ 73,484 अंक पर खुला और लगभग पूरे दिन लाल निशान में रहा। बीच कारोबार में यह नीचे 73,179 अंक तक और ऊपर 73,763 अंक तक गया। बैंकिंग, वित्त और आईटी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया, धातु, रियल्टी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। वृहत बाजार में सभी सूचकांक ऊपर रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.90 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.69 प्रतिशत की बढ़त में रहा।



जापान के निक्केई में बढ़त, चीन-ब्रिटेन के बाजारों में गिरावट

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.73 प्रतिशत मजबूत हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट 1.33 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 0.73 प्रतिशत टूट गया।

यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.26 प्रतिशत ऊपर था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.70 प्रतिशत नीचे रहा।

एनएसई में जिन 3,665 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,455 के शेयरों में तेजी और 1,103 में गिरावट रही। अन्य 107 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयरों में तेजी रही। भारती एयरटेल का शेयर 3.18 प्रतिशत, ट्रेंट का 2.40 प्रतिशत और मारुति सुजुकी का 2.28 प्रतिशत की बढ़त में रहा। पावरग्रिड का शेयर 1.99 फीसदी, इटरनल का 1.66, बीईएल का 1.28, टाटा स्टील तथा एनटीपीसी के एक फीसदी, सनफार्मा का 0.98 और टाइटन का 0.97 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी मजबूती रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.55 प्रतिशत टूट गया। एक्सिस बैंक में 1.53 प्रतिशत, टीसीएस में 1.42, एशियन पेंट्स में 1.40, एचडीएफसी बैंक में 1.19 और आईसीआईसीआई बैंक में 0.96 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और इंफोसिस के शेयर भी नीचे बंद हुए।

रुपया सात पैसे टूटकर 95.22 प्रति डॉलर पर खुला

रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे टूटकर 95.22 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, भू-राजनीतिक अनिश्चितता तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले डॉलर के मजबूत होने के कारण घरेलू मुद्रा में उतार-चढ़ाव रहा। भारतीय मुद्रा में आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप से कुछ सुधार दिखा, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में कमजोर धारणा के बीच विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव को यह झेल नहीं सकी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.17 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद नुकसान कम करते हुए 95.11 प्रति डॉलर तक पहुंचा। हालांकि, जल्द ही फिर टूटकर 95.22 प्रति डॉलर पर कारोबार करने लगा जो पिछले बंद भाव से सात पैसे कम है।

दिल्ली घरेलू थोक जिंस बाजार में तेजी जारी

शकर और चावल के दाम बढ़े दालों एवं खाद्य तेलों में घटबढ़

■ नई दिल्ली

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चीन की कीमतों में तेजी देखी गई। चीन के साथ चावल का भाव भी चढ़ गया जबकि दालों और खाद्य तेलों में मिश्रित रुख रहा। मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 17 रुपये बढ़कर 5,456 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। गुड़ 11 रुपये सस्ता हुआ और 5,960 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत 16 पैसे बढ़कर 58.78 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 4,328 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,913 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। वहीं, आटे का भाव तीन रुपये बढ़ गया।दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल और मसूर दाल छह-छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज पाम ऑयल का जनवरी वायदा 87 रिंगिट टूटकर 4,702 रिंगिट प्रति टन रह गया। दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.37 प्रतिशत गिरकर 66.76 सेंट प्रति पौंड बोला गया।स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की कीमत औसतन 68 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 76 रुपये और मूंगफली तेल 48 रुपये सस्ती हुई। पाम ऑयल की कीमत 32 रुपये और वनस्पति की 25 रुपये फिसल गई। सोया तेल का भाव लगभग पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे।





दाल-दलहन : दाल चना 8,598.24 रुपये, मसूर काली 8262.77 रुपये, मूंग दाल 10520.46 रुपये, उड़द दाल 11648.29 रुपये, तुअर दाल 123770.92 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2912.82 रुपये और चावल 4327.74 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3361.68 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 5455.78 रुपये और गुड़ 5959.77 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 19725.08 रुपये, मूंगफली तेल 20018.77 रुपये, सूरजमुखी तेल 18212.75 रुपये, सोया तेल 15848.48 रुपये, पाम ऑयल 14523.76 रुपये और वनस्पति 15938.31 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

जियो आज शेयर बाजार में होगी सूचीबद्ध

ग्रे-मार्केट में 23 प्रतिशत तक पहुंचा प्रीमियम

■ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स बुधवार को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होगी। इससे पहले ग्रे-मार्केट में मंगलवार को कंपनी के शेयर 23 प्रतिशत तक प्रीमियम पर थे।

जियो का आईपीओ 21-23 अक्टूबर तक आया था। इसके लिए 30,213 करोड़ रुपये के देश से सबसे बड़े आईपीओ के लिए 22 गुना से अधिक बोली प्राप्त हुई थी। शेयरों का आवंटन 26 अक्टूबर को कर दिया गया है। एंकर निवेशकों को 19 अक्टूबर को 8,110 करोड़ रुपये के शेयरों का आवंटन किया गया था। इस बीच, सूचीबद्ध होने से पहले ग्रे-मार्केट में आज कंपनी के शेयर करीब 23 प्रतिशत के प्रीमियम पर मिल रहे थे। यदि इसी स्तर पर कंपनी सूचीबद्ध होती है तो वह सूचीबद्ध होने के साथ ही बाजार पूंजीकरण में सीधे दूसरे नंबर पर पहुंच सकती है। बाजार पूंजीकरण के मामले में मंगलवार को बाजार बंद होते समय रिलायंस इंडस्ट्रीज 16,23,905 करोड़ रुपये के साथ पहले स्थान पर थी। दूरसंचार क्षेत्र में जियो को टक्कर दे रही भारती एयरटेल 12,34,371 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और एचडीएफसी बैंक 10,49,086 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।



टाटा मोटर्स ने पार किया अहम पड़ाव

■ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने इतालवी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता इवेको ग्रुप के अधिग्रहण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर पार कर लिया है। कंपनी ने अपनी पेशकश के तहत आवश्यक न्यूनतम हिस्सेदारी से अधिक शेयर सफलतापूर्वक हासिल कर लिए हैं, जिससे 3.8 अरब यूरो (लगभग 38,240 करोड़ रुपये) के इस महत्वपूर्ण सौदे के पूरा होने का रास्ता साफ हो गया है। यह अधिग्रहण टाटा मोटर्स को वैश्विक वाणिज्यिक वाहन बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। नियामकीय सूचना के अनुसार, अस्थायी नतीजों से पता चला है कि पेशकशकर्ता (टीएमएल सीवी होल्डिंग्स बीवी) के पास इवेको की 89.42 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जो संशोधित 80 प्रतिशत की न्यूनतम सीमा से कहीं अधिक है। 26 अक्टूबर को समाप्त हुई पेशकश अवधि के दौरान, इवेको ग्रुप के कुल 23.816 करोड़ साधारण शेयरों की पेशकश की गई, जो कंपनी की कुल साधारण शेयर पूंजी का लगभग 87.81 प्रतिशत है।



डुकाटी की सीमित संस्करण वाली सुपरबाइक फॉर्मूला 73 लॉन्च

■ नई दिल्ली

भारतीय बाजार में डुकाटी कंपनी ने अपनी सीमित संस्करण वाली सुपरबाइक फॉर्मूला 73 लॉन्च कर दी है। इस एक्सक्लूसिव बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 20 लाख रुपये रखी गई है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह पूरी दुनिया में इसकी केवल 873 यूनिट्स ही बनाएगी।

भारत के लिए आवंटित की गई सभी यूनिट्स लॉन्च से पहले ही पूरी तरह बिक चुकी हैं। इस बाइक को 1973 की ऐतिहासिक डुकाटी सुपर स्पोर्ट डेस्मो की याद में तैयार किया गया है, जो कंपनी की पहली ऐसी रोड बाइक थी जिसमें मशहूर डेस्मोड्रोमिक वाल्व सिस्टम का इस्तेमाल किया गया था। डिजाइन के दृष्टिकोण से डुकाटी फॉर्मूला 73 कंपनी की स्क्रैम्बलर सीरीज पर आधारित है, लेकिन इसे रेट्रो-स्टाइल कैफे रेसर का शानदार लुक दिया गया है। इसमें 750 सुपर स्पोर्ट डेस्मो से प्रेरित सिल्वर और एक्वा ग्रीन रंग का पेंट दिया गया है, जिस पर सुनहरे रंग की खूबसूरत डिटेलिंग की गई है। बाइक के विंटेज लुक को निखारने के लिए इसमें क्लिप-ऑन हैंडलबार, बार-एंड शीशे, विंडशील्ड के साथ छोटी सेमी-फेरिंग और एलइडी हेडलाइट दी गई है। सुरक्षा और आधुनिक तकनीक के लिए इसमें स्टील ट्रेलिस फ्रेम, अपसाइड-डाउन फोर्क्स, पिरेली डियाब्लो रोसो टायरों के साथ 17-इंच के स्पोक वाले पहिए दिए गए हैं। इसके अलावा ट्रैक्शन कंट्रोल, राइड-बाय-वायर, क्विकशिफ्टर और लीन-सेंसिटिव एबीएस जैसे आधुनिक फीचर्स भी इस बाइक में शामिल हैं। इंजन और परफॉर्मेंस की बात करें तो इसमें 803 सीसी का डेस्मोड्यू एल-ट्विन एयर-कूल्ड इंजन दिया गया है। यह इंजन 8,250 आरपीएम पर 73 बीएचपी की अधिकतम पावर और 65 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करता है।



अमेरिकन एक्सप्रेस चलाएगा अतिलघु उद्यमियों का व्यावसायिक कौशल बढ़ाने का कार्यक्रम

7500 उद्यमियों तक पहुंचने का लक्ष्य

■ नई दिल्ली

भुगतान सेवा कंपनी अमेरिकन एक्सप्रेस भारत में अति लघु उद्यमियों और कारीगरों का व्यावसायिक कौशल बढ़ाने और उनमें डिजिटल क्षमता का निर्माण करने के लिए कार्यक्रम का परिचालन कर रहा है, जिसमें विभिन्न राज्यों में 7500 से अधिक उद्यमियों के पहुंचने का लक्ष्य है।

कंपनी के अनुसार इस कार्यकम का लक्ष्य छोटे उद्यमियों और कारीगरों का व्यावसायिक कौशल बढ़ाने तथा बाजारों में नये अवसरों का लाभ उठाने के लिए संसाधन सुलभ कराने में मदद करने के लिहाज से डिजाइन कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले तीन वर्षों में इस कंपनी ने एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज़, ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान और मन देशी फाउंडेशन सहित गैर लाभकारी संगठनों के साथ पूरे दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान और महाराष्ट्र में साझीदारी की है। अमेरिकन एक्सप्रेस इसके लिए धन अपने भारतीय निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) अनुदान से करेगी। कंपनी ने कहा है कि इस क्षेत्र में उसकी प्रत्येक पहल उन समुदायों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है, जिन्हें कंपनी सेवाएं देती हैं और इसका ध्यान व्यावहारिक प्रशिक्षण, प्रासंगिक संसाधनों एवं बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराने पर है। अमेरिकन एक्सप्रेस इंडिया के कंट्री मैनेजर संजय खन्ना ने कहा, 'अति लघु उद्यमी और कारीगर अपने स्थानीय समुदायों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और सही कौशल, डिजिटल क्षमताएं और संपर्क हासिल होने पर उनके लिए नए अवसरों के द्वार खुल सकते हैं।'



■ कार्यक्रम के अंतर्गत छोटी इकाइयों में उद्यमिता, उत्पाद की गुणवत्ता, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण और मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। इसके तहत पीढ़ियों से चले आ रहे शिल्प ज्ञान और उपभोक्ता की बदलती प्राथमिकताओं, उत्पाद की जरूरतों और व्यापार करने के नए तरीकों के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया जाता है। इसमें राजस्थान के बाड़मेर में, ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान (जीवीसीएस) ने कारीगरों को ऐसे कार्यक्रमों के जरिए जोड़ा है जिनमें पारंपरिक शिल्प कौशल को समकालीन डिजाइन और व्यावसायिक क्षमताओं के साथ मिलाया गया है। कढ़ाई, एप्लिक वर्क और अजरख प्रिंटिंग जैसी विभिन्न शिल्प विधाओं में काम करने वाले कारीगरों को समकालीन डिजाइन, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता, मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण और बाजार के लिए तैयार होने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाता है।

अपने पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक बनाएगी अमेजन

■ टाटा मोटर्स से तीन हजार ई-ट्रक के लिए किया करार

■ नई दिल्ली

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन ने अपने पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को टाटा मोटर्स के साथ 3,000 ई-ट्रकों के लिए साझेदारी की जिन्हें अगले साल के अंत तक बेड़े में शामिल किया जाना है।

केंद्रीय भारी उद्यम एवं और इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी की मौजूदगी में यहां एक कार्यक्रम में बीस टाटा अल्ट्रा ई.7 ट्रक हस्तांतरित किए गए। करार के तहत टाटा मोटर्स अमेजन की परिवहन जरूरतों के लिए इलेक्ट्रिक ट्रक उपलब्ध कराएगी जबकि अमेजन के कैरियर पार्टनर इन वाहनों के मालिक होंगे और इनका संचालन करेंगे।देश में किसी ई-कॉमर्स कंपनी द्वारा इलेक्ट्रिक ट्रकों को शामिल करने का यह अब तक का सबसे बड़ा करार है। अमेजन के अंतिम डिलिवरी नेटवर्क में पहले से ही 500 शहरों में 15,000 इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं। इन ट्रकों के जरिये शहर के भीतर सामान ले जाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल शुरू होगा। बाद में एनएच48 के साथ 2,800 किलोमीटर लंबे दिल्ली-बेंगलुरु-चेन्नई कॉरिडोर को भी इलेक्ट्रिक बनाना बनाया जाएगा जो सात राज्यों से होकर गुजरता है। टाटा अल्ट्रा ई.7 सात टन की क्षमता वाले ट्रक हैं। इनका इस्तेमाल मुख्य रूप से शहर के भीतर ही परिवहन के लिए होगा। यह करार ऐसे समय में किया गया है जब दिल्ली सरकार ने हाल ही में नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति जारी की है। श्री कुमारस्वामी ने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक परिवहन और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।



स्टार्टअप इंडिया का बड़ा कमाल

2.5 लाख से ज्यादा इकाइयों ने दिए 25.42 लाख रोजगार

■ नई दिल्ली

स्टार्टअप इंडिया के अंतर्गत 770 से अधिक जिलों में काम कर रही 2.5 लाख से अधिक स्टार्टअप इकाइयों ने 25.42 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने मंगलवार को दी। विभाग ने कहा है कि स्टार्टअप इकोसिस्टम, अनुपालन आवश्यकताओं में कमी, सेक्टरवार नियमन, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और सिंगल विंडो मंजूरी से जुड़े सुधारों ने कारोबार पर नियामकीय बोझ कम किया है। इन सुधारों के परिणामस्वरूप कारोबार शुरू करने, रोजगार सृजन, निवेश और डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।



डीपीआईआईटी ने अब तक 2,50,046 स्टार्टअप्स को मान्यता दी है जो 770 से अधिक जिलों और 56 उद्योग क्षेत्रों में फैले हैं। इनमें 25.42 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। विभाग ने कहा है कि 52 प्रतिशत स्टार्टअप्स महानगरों से बाहर के शहरों में स्थित हैं, जबकि 48 प्रतिशत स्टार्टअप में कम-से-कम एक महिला निदेशक हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में 34,200 स्टार्टअप्स को मान्यता दी गई थी जबकि वर्ष 2024-25 में ऐसी 36,440 इकाइयों को मान्यता दी गयी। सरकार ने स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के अंतर्गत 32 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 244 इनक्यूबेटरों के माध्यम से 4,194 स्टार्टअप्स के लिए 775.67 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इनमें 2,147 महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप और टियर-2 एवं टियर-3 शहरों के 2,356 स्टार्टअप्स शामिल हैं। स्टार्टअप के लिए निधियों की निधि योजना के अंतर्गत भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने 166 वैकल्पिक निवेश कोषों (एआईएफ) के लिए 12,623 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई है। इन कोषों ने 1,475 स्टार्टअप्स में 28,254 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

1,662 करोड़ से अधिक की गारंटी और रोजगार को बढ़ावा

स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत 1,662.71 करोड़ रुपये के 532 ऋणों को गारंटी प्रदान की गई है। इन ऋणों से लाभान्वित स्टार्टअप्स में 41,637 लोग कार्यरत हैं। प्रति ऋणकर्ता गारंटी कवर की सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है, जबकि 27 चैंपियन सेक्टरों के लिए वार्षिक शुल्क घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया है।

जीईएम पोर्टल पर स्टार्टअप्स का दबदबा

सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पर स्टार्टअप के पंजीकरण के लिए पूर्व अनुभव, पूर्व कारोबार और अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (ईएमडी) संबंधी शर्तों में छूट दी गई है। इसके परिणामस्वरूप ई-मार्केटप्लेस पर पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या जनवरी 2021 के 7,929 से बढ़कर 43,260 हो गई है। इन स्टार्टअप्स ने सरकारी खरीदारों को 68,105 करोड़ रुपये मूल्य के 6.23 लाख ऑर्डर की आपूर्ति की है।

बिक्री बढ़ने के बावजूद मारुति सुजुकी का मुनाफा 27 प्रतिशत घटा

■ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की बिक्री में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मूल्य के आधार पर 26 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद कच्चे माल की लागत बढ़ने से उसका एकल शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत घटकर 2,415 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के निदेशकमंडल ने मंगलवार को तिमाही वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की। गत 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में एक साल पहले की तुलना में बिक्री 26.5 प्रतिशत बढ़कर 69,665 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। शुद्ध बिक्री 50,616 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले के मुकाबले 26.1 प्रतिशत अधिक है। वहीं, दूसरी तिमाही का कंपनी का शुद्ध लाभ 2,415 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही से 26.9 प्रतिशत कम है। पिछले साल जुलाई-सितंबर की तिमाही में कंपनी को 3,303 करोड़ रुपये का शुद्ध एकल लाभ हुआ था। इस दौरान कुल बिक्री 26.5 प्रतिशत बढ़कर 6,96,654 इकाई पर पहुंच गई। इसमें घरेलू बिक्री में 33.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई और यह 5,88,535 इकाई पर रही। निर्यात 2.1 फीसदी घटकर 1,08,119 इकाई रहा।



मुनाफा घटने की मुख्य वजह कच्चे माल की लागत में करीब 50 प्रतिशत का तेज इजाफा रहा है। यह एक साल पहले के 25,324 करोड़ रुपये से बढ़कर पिछली तिमाही में 37,488 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 48 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। बिक्री से प्राप्त शुद्ध आय की तुलना में कच्चे माल की लागत का अनुपात बढ़कर 79.9 प्रतिशत हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 75.7 प्रतिशत था। इस दौरान घरेलू बाजार में कंपनी ने 2,81,308 यात्री कारें बेचीं जो सालाना आधार पर 31.9 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है।